e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 114

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
26.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आपकी सफलता और असफलता का राज आप स्वयं जानते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### भारतीय वायुसेना का यूएवी विमान राजस्थान में क्रैश

**जयपुर :** राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का यूएवी विमान क्रैश हो गया. कहा जा रहा है कि ये हादसा तकनीकी खराबी की वजह से हुआ है. विमान अपनी नियमित उड़ान पर था. इस हादसे में किसी तरह के जान और माल की खबर नहीं है. यह हादसा जैसलमेर के पिथला क्षेत्र में हुआ है. पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि यह टोही विमान हो सकता है. इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी परमवीर सिंह रावलोत ने बताया कि हम ट्यूबवेल पर बैठे थे तभी यह विमान जा गिरा. हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और भारतीय वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं.

### बीजेपी में शामिल हुए मशहूर यूट्यूबर मनीष कश्यप

**पटना :** मशहूर यूट्यूबर मनीष कश्यप बीजेपी में शामिल हो गए हैं. बिहार के चंपारण से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा करने वाले मनीष ने गुरुवार को दिल्ली में पार्टी की सदस्यता ली. इस मौके पर मनीष ने बीजेपी में शामिल होने की वजह भी बताई. मनोज तिवारी जिन्होंने मनीष कश्यप को बीजेपी में शामिल कराया ने कहा कि मोदी जी के कार्य, विकास से प्रभावित होकर मनीष बीजेपी में आ रहे हैं. मनीष कश्यप ने अपने करियर में लोगों के मुद्दे को उठाया, मोदी जी के समर्थन में बातें की साथ ही उन्होंने जनता के मुद्दों को उठाया. मनीष को गैर बीजेपी सरकारों ने परेशान किया लेकिन बीजेपी ने बुरे दौर में भी उनका साथ दिया.

### अरुणाचल में चीन सीमा पर मूसलाधार बारिश से तबाही

**नई दिल्ली :** देश का अधिकांश हिस्सा लू के गर्म थपेड़ों और हीटवेव से परेशान है. वहीं, अरुणाचल पदेश में मूसलाधार बारिश ने कहर बरपा रखा है. चीन की सीमा से लगते अरुणाचल प्रदेश में लगातार तेज बारिश से व्यापक पैमाने पर तबाही मची है. आम जनजीवन ठहर सा गया है. मूसलाधार बारिश की वजह से कई जगहों पर लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं. भूस्खलन से रोड नेटवर्क को भारी नुकसान पहुंचा है. चीन की सीमा पर स्थित दिबांग वैली को देश से जोड़ने वाला एकमात्र हाईवे लैंडस्लाइड में पूरी तरह से तबाह हो गया है. हाईवे का एक हिस्सा बह गया. इससे दिबांग घाटी से आनेजाने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. लैंडस्लाइड का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है.

### झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को राहत, निचली अदालत की कार्यवाही पर लगायी रोक

**रांची :** अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है. साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है. वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. बता दें कि यह मामला भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयान देने से जुड़ा है.

### जेईई मेन्स के रिजल्ट में प्रियांश प्रांजल बने झारखंड टॉपर

**रांची :** जेईई मेंस सत्र 2 में जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया है.जेवीएम के प्रियांश प्रांजल ने 100 परसेंटाइल अंक हासिल कर ऑल इंडिया में 30वीं रैंक हासिल किया है. जेवीएम की दूसरी छात्रा नेहा कुमारी ने 99.53 परसेंटाइल अंक लाकर पूरे देश में 7000वां रैंक हासिल किया है. इसके अलावा और भी कई छात्रों ने जेईई मेंस में अच्छा प्रदर्शन किया है.ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जाम में 100 परसेंटाइल अंक लाने वाले छात्र प्रियांश प्रांजल ने कहा कि आज उन्होंने जो सफलता हासिल की है, उसमें उनकी कड़ी मेहनत के अलावा उनके शिक्षकों के साथ-साथ उनके माता-पिता का भी अहम योगदान है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 41° |
| न्युनतम | 22° |

कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने दाखिल किया नामांकन, इंडी नेताओं का लगा जमावड़ा

# झूठ बोलने वाली पार्टी है भाजपा : चंपाई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा:** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत के नामांकन को लेकर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय,राजेश ठाकुर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मीर आलम, बंधु तिर्की समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जिंगा मुंडा,विधायक भूषण तिर्की, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की आदि कार्यक्रम में हिस्सा लिए। राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी बड़का झूठ बोलने वाली पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नेतृत्व में चलने वाली नरेंद्र मोदी की सरकार महंगाई भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर लोकसभा के चुनाव में जीत हासिल की थी,लेकिन जीत हासिल करने के बाद महंगाई में बेतहासा वृद्धि हुई और पेट्रोल गैस के दामों में अचानक वृद्धि हुई जो कि आज तक जारी है। इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि बीजेपी झूठ बोलने वाली पार्टी है और उनका झूठ बोलना जुमला हो गया है। यही मोदी की गारंटी है। मोदी ने रोजगार देने की गारंटी दी थी। पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर के दामों में कमी लाने की गारंटी दी थी। 2 करोड लोगों को रोजगार देने की गारंटी दी थी,स्वीश बैंक से सरकार बनने के बाद 15 -15 लख रुपए सभी लोगों को देने की गारंटी दी थी। लेकिन बीजेपी की गारंटी हवा हवाई जुमला साबित हुआ। उन्होंने बीजेपी के गारंटी को जुमला करार देते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस के सुखदेव भगत को 13 मई को होने वाले लोकसभा के चुनाव में हाथ छाप पर वोट देकर विजई बनाने की अपील की।



**जुमला वाली पार्टी बनकर रह गई है बीजेपी**

जनसभा को कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी मीर आलम ने संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी जुमला वाली पार्टी बनकर रह गई है। उनका काम है झूठ बोलना और वह झूठ बोलकर ही सत्ता में आए हैं ऐसी झूठ बोलने वाली पार्टी को सत्ता से हटाने केलिए इंडिया गठबंधन बनाया गया है और इंडिया गठबंधन से बीजेपी और मोदी घबरा गई है क्योंकि इंडिया गठबंधन पूरे देश में जीत हासिल कर रही है।

**सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि बीजेपी झूठ बोलने वाली पार्टी है और उनका झूठ बोलना जुमला हो गया है।**

### इन नेताओं ने कार्यक्रम को किया संबोधित

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता,मंत्री सत्यानंद भोक्ता,मंत्री रामेश्वर उरांव विधायक भूषण तिर्की,विधायक जिगा मुंडा विधायक नेहा शिल्पी तिर्की,पूर्व विधायक बंधु तिर्की,राजेश ठाकुर,कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी सुखदेव भगत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव,लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति सदस्य आलोक कुमार साहू समेत कई नेताओं ने अपने विचार देते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में भारी मतों से विजई बनाने के लिए और लोगों को कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र से अवगत कराने की अपील की गई।

राहुल गांधी-हेमा मालिनी समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

## दूसरे चरण का चुनाव आज

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग होनी है. इसे लेकर हाई-वोल्टेज प्रचार अभियान बुधवार शाम को थम गया. 26 अप्रैल को केरल की सभी 20 सीटों पर, कर्नाटक की 28 में से 14 सीटों पर, राजस्थान की 13 सीटों पर, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 7 सीटों पर, असम और बिहार की 5-5 सीटों पर, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की 3-3 सीटों पर, जबकि मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा. बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले फेज के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी. इसमें करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था.दूसरे फेज में जिन सीटों पर वोटिंग होनी है, वहां से कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. इसमें केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर (तिरुवनंतपुरम), भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या (कर्नाटक), मथुरासे हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी (वायनाड), तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस) और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस) शामिल हैं.देश की 16 फीसदी सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी. दूसरे चरण की 88 सीटों में पिछली बार चुनाव में एनडीए ने 61 सीट जीती थी और यूपीए ने 24, जबकि अन्य को तीन सीट मिली थी. जनता दूसरे चरण में 2 कैबिनेट और 4 राज्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला करेगी. इस चरण में 29 सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी ने कभी जीत हासिल नहीं की है. इनमें सबसे ज्यादा केरल की 20 सीटें हैं.

# गांडेय से कल्पना सोरेन होंगी जेएमएम प्रत्याशी

### जमशेदपुर से समीर मोहंती पर जताया भरोसा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी. यहां उन्होंने बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती को अपना उम्मीदवार बनाया है. वहीं गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है.झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से बहरागोड़ा से झामुमो विधायक समीर मोहंती को उम्मीदवार बनाया है, वहीं सरफराज अहमद के इस्तीफे से खाली हुई गांडेय विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन झामुमो प्रत्याशी होंगी. झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के हस्ताक्षर से पत्र जारी कर दोनों उम्मीदवारों का नाम घोषित कर दिए. कल्पना सोरेन पहली बार इलेक्टोरल पॉलिटिक्स में गांडेय उपचुनाव के माध्यम से प्रवेश करेंगी. वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार बनाए गए समीर मोहंती राजनीति के तपे तपाए खिलाड़ी हैं. वह निर्दलीय से लेकर आजसू, जेवीएम, भाजपा और झामुमो के झंडे तले राजनीति कर चुके हैं. 2019 में झामुमो उम्मीदवार के रूप में बहरागोड़ा से भाजपा उम्मीदवार कुणाल सारंगी को 60 हजार से अधिक मतों से हरा कर विधानसभा पहुंचें थे. अब इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी के रूप में जमशेदपुर लोकसभा सीट से उनका मुकाबला भाजपा के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो से होगा.बीलोकसभा आम चुनाव 2024 में झारखंड इंडिया ब्लॉक में चार मुख्य दल के बीच सीटों का बंटवारा 7-5-1-1 फॉर्मूले के तहत हुआ है. इसमें झामुमो को लोकसभा की 05 सीट मिली है. समीर मोहंती के नाम की घोषणा के साथ ही झामुमो ने सभी पांच लोकसभा सीट के उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है.

**कल्पना सोरेन पहली बार इलेक्टोरल पॉलिटिक्स में गांडेय उपचुनाव के माध्यम से प्रवेश करेंगी. वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार बनाए गए समीर मोहंती राजनीति के तपे तपाए खिलाड़ी हैं.**

# पटना : होटल में आग लगने से 6 की मौत, 20 झुलसे



**एजेंसी**

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में रेलवे जंक्शन के पास स्थित एक होटल में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा लोग झुलसे हुए हैं. बताया जा रहा है कि स्टेशन रोड के पास स्थित पाल होटल में अचानक आग लग गई. ऐसी संभावना जताई जा रही है कि गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने की वजह से ये आग लगी है. होटल में फंसे छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

फायर डिपार्टमेंट के कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे रहे. इसके अलावा मौके पर भारी संख्या में पुलिसबल भी पहुंच गए. साथ ही एम्बुलेंस को भी घटनास्थल पर बुला लिया गया ताकि होटल में फंसे लोगों का रेस्क्यू कर सीधे अस्पताल पहुंचाया जा सके.

### खड़े ट्रक में जा घुसी कार, 6 की मौत

**हैदराबाद :** तेलंगाना में एक भीषण सड़क हादसा हो गया. इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई. हैदराबाद से विजयवाड़ा जाने के दौरान मुत्तांगी आउटर रिंग रोड पर कार ने खड़ी लॉरी में पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही अचानक विस्फोट हो गया और कार पूरी तरह से आग की चपेट में आ गई. इस भीषण सडक हादसे में महिला और बच्चे समेत छह लोगों की जान चली गई.

हादसा नलगोंडा में कोडाद शहर के दुर्गापुरम हाईवे पर हुआ.सड़क किनारे खड़ी लॉरी में कार की भिड़ंत से हैदराबाद के छह लोगों की जान चली गई. मरने वालों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है.

पीएम मोदी और राहुल गांधी पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

# भारत निर्वाचन आयोग ने लिया संज्ञान बीजेपी-कांग्रेस से मांगा जवाब



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जरिए कथित तौर पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों का संज्ञान लिया है. बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने एक-दूसरे के नेताओं पर धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर नफरत एवं विभाजन फैलाने का आरोप लगाया था.

चुनाव आयोग ने बीजेपी-कांग्रेस नोटिस जारी कर 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है. चुनाव आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को लागू किया और पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया. इसके तहत पहले कदम के रूप में प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघनों के आरोपों का जवाब क्रमशः बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मांगा गया है. इसमें उनसे कहा गया है कि वे 29 अप्रैल तक जवाब दें और अपने स्टार प्रचारकों को आचार संहिता का पालन करने को कहें. आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवारों, विशेषकर स्टार प्रचारकों के आचरण की प्राथमिक और बढ़ती जिम्मेदारी लेनी होगी.

चुनाव आयोग का कहना है कि उच्च पदों पर बैठे लोगों के प्रचार भाषणों के अधिक गंभीर परिणाम होते हैं. इसने कहा है कि स्टार प्रचारकों को अपने जरिए दिए जाने वाले भाषणों के लिए खुद तो जिम्मेदार होना ही होगा. मगर विवादित भाषणों के मामले में चुनाव आयोग पार्टी के प्रमुखों से हर मामले पर जवाब मांगेगा.

# मच्छरों के खिलाफ शुरू हुआ व्यापक अभियान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश के 12 राज्यों को मलेरिया मुक्त करने के लिए केंद्र सरकार मच्छरों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने जा रही है। इसका आगाज विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) को किया गया। सरकार को इस अभियान के लिए ग्लोबल फंड के जरिये 541 करोड़ की निधि मिली है। यह अभियान अप्रैल 2024 से मार्च 2027 तक राष्ट्रीय केंद्र वेक्टर जनित रोग नियंत्रण की निगरानी में चलाया जाएगा।मलेरिया उन्मूलन परियोजना का तीसरा और अंतिम चरण दिल्ली, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र में शुरू किया जाएगा। दरअसल, प्लाज्मोडियम परजीवी के कारण होने वाला मलेरिया रोग मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। डॉक्टरों का मानना है कि मलेरिया संक्रमण मरीज के शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करता है। बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द एवं थकान जैसे लक्षण महसूस होते हैं। अभी तक मलेरिया का टीका नहीं आया है जबकि 100 साल से भी ज्यादा पुराना संक्रामक रोग माना जाता है। हाल ही में आरटीएस नामक एक टीका आया है, जिसे डब्ल्यूएचओ से अनुमति मिलना बाकी है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक कंपनी टीका खोज में लगी हुई हैं।



**अभी लड़ाई बाकी : डब्ल्यूएचओ**

विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने बताया कि इस साल 'न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को तेज करना' विषय के साथ पूरी दुनिया मलेरिया दिवस मना रही है। उन्होंने कहा कि हर किसी को समय रहते बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवा मिलने का अधिकार है। प्रभावित देशों को तत्काल भेदभाव और कलंक खत्म करते हुए स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में समुदायों को शामिल करना चाहिए।

### नक्सलियों के 7050 पीस नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने गोईलकेरा-टोन्टो थाना के सीमावर्ती क्षेत्र वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल में सिंटेक्स में गाडकर रखा कुल 35 बोरी में 7050 पीस नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से सभी को विनिष्ट किया जा रहा है। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# शिव की कृपा से जीवन सुखमय व शिवमय बन जाता है : भाई धनंजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शिव शिष्य परिवार इकाई के प्रमुख भाई श्री धनंजय जी के मार्गदर्शन में चतरा जिले के लालालांग कल्याणपुर ग्राम के प्रांगण में शिव को गुरु क्यों बनाए एवं शिव गुरु से क्यों जुड़े हैं और दूसरे को क्यों जोड़ना है? विषय पर विशाल संगोष्ठी एवं परिचर्चा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाई साकेत जी, राकेश सिंह, शंभू जी, विवेक सिंह लड्डू जी, सीताराम जी, अजीत जी, निर्मल जी, टीमा भगत ने अपना स्व अनुभूति वक्तव्य रखा। दूसरी ओर भजन एवं अनुभूति कीर्तन के द्वारा भाई मुन्ना जी एवं बहन कंचन ने पूरी संगोष्ठी को आत्मीय तल पर शिवमय बना दिया। मौके पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमुख भाई श्री धनंजय जी ने कहा कि मानने की पथ से हटकर जानने का पथ पर अग्रसर हों क्योंकि आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश मानव के जीवन में जब आपका अभ्यास एवं शिव की कृपा से फैलता है तो जीवन एवं मरण रूपी दोनों विधाओं पर मानव विजय प्राप्त कर लेता है और जीवन सुखमय एवं शिवमय बन जाता है। बिना शिव की शिष्यता पाए जीवन निरर्थक है। शिव हैं तभी संसार है। यह संसार शिव की कृपा दृष्टि से ही चल रहा है। बता दें कि भाई धनंजय शिव शिष्य परिवार के बीच देश ही नहीं विदेशों में भी घूम घूम कर शिव भक्तों के बीच अमृत वर्षा करते हैं। अभी वे झारखंड दौरे पर हैं।

## देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना पुलिस ने बुधवार को चैनपुर थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर हंसा में देशी कट्टा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। चैनपुर थाना के सेमरा पंचायत के टोला खरोह निवासी अख्तर अंसारी पिता गफूर मियां, मुमताज़ अंसारी पिता लैलुन मियां व विजय कुमार पिता प्रभु भुइयां के रूप में हुई है। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि खरोह का तीन युवक देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ हंसा में घूम रहा था जिसका गुप्त सूचना चैनपुर थाना को मिली जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने कुछ भी जानकारी नहीं दिया। धारा 25 (1–B) a/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों युवकों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनातू थाना क्षेत्र के पदमा गांव के पास सड़क दुर्घटना में गुरुवार की सुबह शिक्षक संजय कुमार चौधरी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर घायल संजय कुमार चौधरी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए है।वही जानकारी मिलने पर अन्य टीचर भी सदर अस्पताल पहुंच कर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि संजय कुमार चौधरी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार गांव के रहने वाले हैं। मनातू में वह यूएमएस स्कूल के टीचर हैं। गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार होकर बच्चों को स्कूल में पढ़ाने जा रहे थे इसी बीच रास्ते में पदमा गांव के समीप एक दूसरे बाइक से उनकी टक्कर हो गई जिसमें वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## चक डेम में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत

**छत्तरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत अर्जुनडीह गांव के दो मासूम बच्चियों की चेक डेम में डूबने से मौत हो गई बताया जा रहा है दोनों बच्चियों अर्जुनडीह ग्राम निवासी रशीद अंसारी की पुत्री आपदा खातून और आजरा खातून दोनो चक डेम में नहाने के दौरान गहरे पानी में चली गई जिसके कारण डूबने से मौत हो गई। छत्तरपुर पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में लुट गई है।

## अज्ञात महिला केशव का हुआ पहचान एक दिन पूर्व मृतिका के पति ने कराया था गुमशुदी का शिकायत



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के तुलसीदामर स्थित आरएमडी सेल के टाइम ऑफिस से 50 मीटर की दूरी पर झाड़ी में एक महिला का शव पाया गया था। जिसकी पहचान बारोडीह ग्राम निवासी प्रमोद चौधरी की 40 वर्षीय पत्नी चम्पा देवी के रूप में किया गया।बताया जाता है कि एक दिन पूर्व ही मृतक के पति ने गुमशुदी का शिकायत स्थानीय थाना में बुधवार को आवेदन देकर कर दिया था। आवेदन के माध्यम से बताया था कि उसकी पत्नी शादी समारोह में खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी गांव जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक को फोन कर अपनी पत्नी का जानकारी लिया तो पता चला की पत्नी पहुंची ही नहीं। उसके के जगह उसका पता लगाया लेकिन कोई पता नहीं चला। उसने दिए आवेदन के माध्यम से बताया कि 2018 में थाना क्षेत्र के मगरदह ग्राम निवासी रमेश चंद्रवंशी के पुत्र विकास और अनूप के द्वारा मेरे लड़की के साथ ब्लैकमेल के मामले पर हुए केस वापस लेने का धमकी दिया जा रहा था। उसने बताया कि संभवतः उन लोगों के द्वारा ही मेरी पत्नी को गायब किया गया है। मृतक के पति के फारद बयान पर थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उसके पति ने कहा है कि इसमें मगरदह गांव के रूबी देवी, विकास कुमार, सोनू कुमार हमेशा मुकदमा हटाने को लेकर धमकी दिया करते थे। मेरी पत्नी उसके धमकी की वजह से जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। गुरुवार के सुबह जानकारी मिली कि मेरी पत्नी का शव तुलसी दामर जंगल में मिला है। जिसकी हमने पहचान हमने कर लिया है।

## एके सिंह कॉलेज में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** राष्ट्रीय सेवा योजना ए0 के0 सिंह कॉलेज, जपला एवं स्वीप कोषांग, हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से चलकर गोद लिए हुए गांव कोइरियाडीह (देवरी कला पंचायत) में समापन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य यह है कि 13 मई 2024 को पलामू संसदीय क्षेत्र में होने वाले आम चुनाव को एक - एक मतदाता सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक अपने मत का प्रयोग करें। कोई मतदाता छुटे नहीं। उक्त अवसर पर एल0 आर0 डी0 सी0 हुसैनाबाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुसैनाबाद, अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी - सह- नोडल पदाधिकारी प्रो0 राजेश कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ0 आनंद कुमार सिंह, प्रो0 सुनील कुमार सिंह, डॉ0 अजय कुमार सिंह, प्रो0 जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो0 सुदीप कुमार सिंह, प्रो0 हरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो0 राहुल कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह (अकाउंटेंट), धनंजय कुमार सिंह (सहायक) सहित एन0 एस0 एस0 स्वयंसेवकों, अन्य छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सहभागिता की। एन0एस0 एस0 स्वयंसेवक शशि रंजन और शुभम प्रकाश एवं प्रखंड स्टाप अंजनी कुमार ने मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन का उद्घोष कर रहे थे। रैली का संचालन प्रो0 राजेश कुमार सिंह ने किया। समापन में अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद ने कहा कि आगामी 13 मई को सभी लोग घर से निकलकर पहले मतदान करें फिर अन्य कार्य करें। मतदान प्रतिशत हर हाल में बढे। कोई मतदाता छुटे नहीं।

## महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सेल टाइम ऑफिस के समीप एक महिल का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शौच के लिए गए स्थानीय लोगों ने टाइम ऑफिस के समीप पेड़ के नीचे महिला को मृत अवस्था में देखा। जिसके बाद बाद यह खबर आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या के लोग घटनास्थल पहुंच मामले की जानकारी लेते देखे गए। वहीं घटना की सूचना पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक दल बल के साथ मौके पर शव को कब्जे में ले लिया है। वहीं घटना स्थल पर पुलिस ने बारीकी से एक एक एंगल की जांच कर रही है। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि सेल टाइम ऑफिस के पास स्थित एक पेड़ के नीचे एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ही पहलू की जांच कर रही है। मौत के कारणों का खुलासा जांच के बाद ही होगा।

## बटाने जलाशय से प्रभावित रैयतों की मुआवजा के लिए लगा कैम्प, रैयतों में जगी उम्मीद

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौडीहा बाजार प्रखंड के बटाने जलाशय सिंचाई परियोजना विगत 3 दशक से अधूरा पड़ा हुआ है। रैयत एवं विस्थापित लोगों ने अपनी मांग के लिए आंदोलनरत है। बटाने विस्थापित सह प्रभावित मंच के महा सचिव संतोष कुमार सिंह के पहल पर विशेष भु अर्जन पदाधिकारी उतरी कोयल परियोजना पलामू के आदेशनुसार ग्राम नावाडीह और गुलाबझरी के रैयत का मुआवजा के लिए लक्ष्मीपुर पंचायत सचिवालय मे कैम्प का आयोजन किया गया। लगभग 20 रैयतों के वंशज ने उपस्थित होकर मुआवजा के लिए अपना आवेदन समर्पित किया। विदित है कि लम्बे अरसे के बाद भुगतान हेतु कैम्प लगने से लोगों के बीच काफी हर्ष का माहौल है। मंच के महा सचिव श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अगले चरण दिनादाग, कउवल ,भण्डारडीह,धोबीडीह का रैयतो का भुगतान के लिए कैम्प लगाने के लिए पहल करूंगा। उक्त गाँवों के रैयतों का मुआवजा भुगतान के बाद बटाने जलाशय चालू करने के लिए मार्ग प्रशस्त होगी। विशेष कैम्प मे भु अर्जन कार्यालय के कानूनगो देवेंद्र प्रसाद,प्रधान सहायक कौलेन्द्र कुमार सिंह एवं रूपांकन प्रमंडल 1 से कनीय अभियंता चन्द्र देव जी नौड़ीहा बाजार अंचल कार्यालय से अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, उप राजस्व निरीक्षक जगत नारायण राम,बटाने विस्थापित मंच के उपाध्यक्ष अशोक यादव, मुखिया हेवन्ति देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, अजित कुमार, मिडिया प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह, समाज सेवी सतेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों मौजूद थे।

## अदबी संसार ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कव्वाल मुराद आतिश को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अदबी संसार के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कव्वाल मुराद आतिश को स्टेशन रोड स्थित सूर्यांश होटल में अंग वस्त्र व माला प्रदान कर सम्मानित किया। अदबी संसार के संस्थापक एम.जे.अज़हर, संरक्षक अमीन रहबर, सेक्रेट्री शाहिद अनवर, हाजी मोहम्मद यासीन, अखिल झारखंड प्राथमिक उर्दू शिक्षक संघ के अध्यक्ष फैयाज अहमद ने मुराद आतिश के पलामू आगमन पर खुशी प्रकट किया है। विदित हो कि शाहपुर स्थित हज़रत हाशिम शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के अवसर पर मुराद आतिश दो दिवसीय कव्वाली कार्यक्रम में भाग लेने पलामू आए थे। उन्होंने कहा कि पलामू वासी कलाकारों की इज्ज़त करना जानते हैं। यहां जो उन्हें सम्मान मिला है, वे कभी नहीं भूलेंगे।अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अज़हर ने आतिश मुराद को अपनी पुस्तक नींद खुली तन्हाई है भेंट किया। उन्होंने कहा कि आतिश मुराद की कव्वाली गायिकी से मनोरंजन के साथ आदर्श जीवन की प्रेरणा मिलती है। उनकी गायिकी से हिंदू-मुस्लिम भाईचारा और राष्ट्रीय एकता को मज़बूती मिली है।


## सीआई ने लगाया बीडीओ पर मारपीट करने का आरोप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा अंचल राजस्व निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा पर नशे में धुत होकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर राजस्व उप निरीक्षक ने डीसी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। घटना को लेकर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बिशनपुरा पहुंच कर मामले की जांच किया। राजस्व निरीक्षक ने डीसी को दिए आवेदन में कहा है कि प्रखंड कार्यालय परिषद स्थित कर्मचारी आवास में रहकर वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहे हैं। मंगलवार की रात प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरे आवास के मुख्य दरवाजा को तोड़कर निवास कक्ष में घुस गए। नशे की हालत में गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। उन्होंने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, सर्विस खराब करने इलेक्शन ड्यूटी के नाम पर फसाने के साथ एससी एसटी एक्ट में फसाने की भी धमकी दिया। उन्होंने बताया कि इन सभी घटनाओं को अपने अंचल कर्मियों के साथ इसकी सूचना अपर समाहर्ता और उच्च पदाधिकारी को दिया है। जिसे लेकर श्री बंशीधर नगर के एसडीओ ने मामले की जांच किया। जांच के दौरान भी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मारपीट करने की धमकी अनुमंडल पदाधिकारी के सामने दिया। इस घटना से वह शारीरिक में मानसिक रूप से परेशान है। उन्होंने जिला प्रशासन से उचित कार्रवाई करते हुए अन्य अंचल में स्थानांतरण करने की मांग किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर श्री बंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर मारपीट की घटना को लेकर जांच कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला को पत्राचार कर दिया गया है।

## पलामू लोकसभा निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक ने आरओ सह डीसी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक की



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू लोकसभा निर्वाचन के लिये आगामी 13 मई को मतदान होना है।इसी क्रम में चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बुधवार को सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की।इस दौरान उन्होंने पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन से कुल नामांकन की जानकारी ली,बताया गया कि कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है।बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले की संख्या, पोस्टल बैलेट का स्ट्रांग रूम आदि की जानकारी ली। उन्होंने ईवीएम रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टाफ का रेंडमाइजेशन आदि से भी अवगत हुई। इसके अलावे उन्होंने नामांकन के सभी वीडियो रेकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने सभी संबंधितों को आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुरूप व आरओ हैंडबुक में दिये गये मैनुअल्स के अनुसार ही सभी कार्य करने पर बल दिया।मौके पर उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2024 में विद्यालय स्तरीय टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिये प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, अभिभावक ब्रजेश कुमार चौबे, गिरजा शंकर पांडेय, शशि मोहन चौबे, रवि शंकर सिंह, राकेश कुमार सिंह और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता,ओम,मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया।सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये अशोक कुमार सिंह ने कहा कि लेबर नेवर गोज इन भेंन। आप सभी भैया-बहन मेहनत करके परचम लहराया जो परिवार, विद्यालय और समाज के लिये गौरव की बात है। उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि आगे की पढ़ाई नियमित कक्षाएं कर करें,आपका नींव मजबूत हो गया है।अब आगे भवन का निर्माण मजबूती से करें और हमारी यह अभिलाषा है कि आप में से कोई यूपीएससी क्रैक करे। विद्यालय टॉपर साक्षी ने अपना उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने गुरु की आज्ञा का पालन हमेशा करते रहना चाहिये। उन्हें जज नहीं करना चाहिये और अभिभावक भी बच्चों को दूसरे से तुलना न करके उसकी एबिलिटी को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिये। आर्यन विभूति ने कहा कि शिक्षक हमारे प्रेरणा होते हैं, उन्हीं के आशीर्वाद से हम सभी इस मुकाम पर पहुंचे हैं। अभिभावक गिरजा पांडेय, ब्रजेश कुमार चौबे एवं आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने बच्चों को मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं दिया।प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी ने कठिन परिश्रम करके विद्यालय का नाम रौशन किया है। आप सभी इसी तरह आगे भी परचम लहराते रहे। प्रधानानाचार्य ने इस कार्यक्रम में घोषणा करते हुये कहा कि अगले वर्ष जो भैया-बहन 97त्न से ऊपर अंक लायेंगे उन्हें अपने तरफ से पांच हजार रुपये की राशि तथा आचार्य सुजीत कुमार दुबे की तरफ से भी पांच हजार रुपये की राशि प्रदान किया जायेगा।ग्यारहवीं कक्षा की पढ़ाई में लगने वाली सभी पुस्तकें उन्हें भेंट किया जायेगा। सम्मानित होने वाले भैया -बहनों में साक्षी चौबे, निशिबाला चौबे, प्रिया कुमारी, माहिराज, मुस्कान कुमारी, आरुषी कुमारी, शिवराज प्रसाद, मुस्कान सिंह, रागिनी कुमारी तथा पलक पांडेय का नाम शामिल है। सभी भैया बहनों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र व डायरी देकर सम्मानित किया गया।साथ ही विद्यालय के सभी वाहन चालकों मुकेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार सिन्हा, राजा तिवारी , अनूप कुमार, मुस्लिम, गौरव कुमार, बसंत यादव, कमलेश यादव, मिथिलेश कुमार, कमलेश कुमार श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया।मौके पर अभिभावक राकेश कुमार सिंह, युवराज प्रसाद, प्रभादेवी, उमा सिंह, सुजाता देवी, जितेंद्र कुमार, मनोज पाल आचार्य कौशलेंद्र झा, नीरज कुमार सिंह, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, नंदलाल पांडेय, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी, अंकित जैन, सत्येंद्र प्रजापति, कृष्ण कुमार पांडेय, उमेश कुमार, प्रसून कुमार, प्रदीप कुमार, आचार्य नीति कुमारी प्रियंवदा, प्राची चौबे, रेनू पाठक सलोनी, नेहा सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## मलेरिया डे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पड़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हिन्डालको की कठौतिया माइंस सीएसआर टीम ने सिक्का में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर के शोभा रानी मोहंती ने किया. मौके पर माइंस के चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर टी गफ्फार ने मलेरिया से बचाव के लिए क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, मलेरिया का क्या लक्षण होता है, यदि आपको मलेरिया का लक्षण दिखें तो तत्काल क्या करना चाहिए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मलेरिया का अभी तक कोई वैक्सीन अपने देश में नहीं आया है इसलिए सतर्कता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है. लोगों को नियमित रूप से मच्छरदानी लगाकर ही सोने के लिए अपील किया. सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी अपने खनन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा संवेदनशील हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

## दो आईपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है । दो आईपीएस की नियुक्ति की गई है। चंदन झा को स्पेशल ब्रांच और अजित पीटर डुंगडुंग को जैप -1 में नियुक्त किया गया है।

## मतदान के लिए प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा चुनाव आयोग

**रांची :** चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर आयोग की मंशा से अवगत कराते हुए उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें।

# सरकारी अधिकारी बन करोड़ों रुपए की ठगी करने वाला दीपक श्रीवास्तव गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि लगातार इस तरह की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी कि एक व्यक्ति है जो ठगी का धंधा कर रहा है। इस पर कई मामले भी दर्ज हैं। इन सब बातों की सत्यापन के लिए सिटी एसपी राजकुमार मेहता को टीम गठित करने का निर्देश दिया गया । सिटी एसपी ने सिटी डीएसपी के वी रमन के नेतृत्व में एक टीम गठित करवाया जिसमें लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो , सहायक अवर निरीक्षक सुनील मुर्मू और तकनीकी शाखा के पुलिस कर्मी शामिल थे । सब ने मिलकर छापेमारी अभियान चलाई और इस दौरान दीपक कुमार श्रीवास्तव की गिरफ्तारी हुई है। अभी तक करीब 155 लोगों से 75 लाख 65000 की ठगी की बात सामने आई है । पैसे भी ,सात पासबुक,दस खाली चेकबुक बरामद कर लिया गया है। आगे बताया गया कि दीपक सरकारी विभाग का अधिकारी बनकर विभिन्न थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपए अब तक की ठगी कर चुका है। विभिन्न थानों में इस पर कई मामले भी दर्ज हैं । इतना ही नहीं कांके थाना क्षेत्र में करीब 12 लख रुपए ठगी करने के मामले में से 5 साल की सजा हुई थी। 5 साल होटवार जेल में भी रहा । इसके बाद कोडरमा, धनबाद आदि थाना क्षेत्र में इसका मामला दर्ज है। होटवार जेल से 2023 में जब बाहर निकाला तो सुरेंद्र सिंह उर्फ रामा और अपने दोस्त दयानंद प्रसाद के साथ मिलकर 28 लख रुपए की खाद सामग्री उपलब्ध कराने का नाम पर ठगी की। मेसरा के राजकुमार महतो से 80000 एवं और ओरमांझी के अनूप कुमार कुशवाहा से 11 लाख की ठगी का खाद सामग्री एवं गाड़ी उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी किया । चांदनी एवं उसकी मां मंजू देवी को नौकरी दिलाने एवं घर गाड़ी उपलब्ध कराने के नंबर 40 लाख रुपए का ठगी किया । इतना ही नहीं शशि गुप्ता मर्डर केस में सजा काटकर बाहर निकाला तो उसके माध्यम से कोलकाता में 9त्न लाभ पर ठगी किया हुआ पैसा लगाया है । पुलिस इसे लगातार पूछताछ करेगी। उम्मीद है कि करीब 20 करोड़ से अधिक रुपए की ठगी इसने किया है । सभी का खुलासा जल्द किया जाएगा । खासकर इसके पिताजी वन क्षेत्र में सरकारी पदाधिकारी थे। उसके निधन के बाद इसको अनुकंपा में नौकरी लगी थी, लेकिन जितना वेतन मिलता उसे वह संतुष्ट नहीं था , इसलिए इसकी लालच बढ़ती गई और फिर नौकरी के नाम पर ठगी का खेल शुरू किया गया । कृषि निदेशक झारखंड रांची जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद एवं जिला योजना पदाधिकारी धनबाद के नाम पर तीन मोहर और चेकबुक भी बरामद किया गया है । पुलिस इसे लगातार पूछताछ कर रही है फिलहाल अभी इसके पास 1,74500 भी बरामद किया गया है।


**एक देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार:** सदर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था। इसी दौरान बढ़गाई तालाब के पास मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों को रोका गया । उससे पूछताछ किया गया इसी क्रम में एक के पास से लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया । दोनों की पहचान मोइन अंसारी , गुलबशर अंसारी के रूप में हुआ है । दोनों ठाकुर गांव थाना क्षेत्र का रहने वाला है । पुलिस ने इसके पास एक देसी कट्टा, एक जिंदा राउंड गोली, एक बजाज पल्सर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर है जेएच 01जेड6674 है । एक सफेद रंग का सैमसंग कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया है । इस छापेमारी दल में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, दीपक राणा ,जमील अंसारी, महेश्वर मार्डी आदि शामिल थे।

**ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार:** एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि लगातार मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर अभियान चलाई जा रही है । लगातार ब्राउन शुगर, गांजा बेचने वाले और नशा करने वाले को पुलिस पकड़ भी रही है। जो पकड़ जा रहे हैं वही दूसरे के बारे में भी बता रहे हैं । एक चेन की तरह काम हो रहा है और लगातार सभी थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर , गांजा की खरीद बिक्री करने वाले आरोपी पकड़े जा रहे हैं। इसी क्रम में बांधगाड़ी दीपा टोली से एक युवक को सदर थाना क्षेत्र की पुलिस ने पकड़ा है। जिससे पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक जायसवाल बताया । उसके पास छोटे-छोटे पुड़िए में 3.2 ग्राम ब्राउन शुगर ,एक वीवो कंपनी का स्मार्ट मोबाइल बरामद किया गया है। साथ ही उसने बताया कि 500 600 प्रति पुडिया के दर से ब्राउन शुगर की बिक्री करता है । इस अभियान में सदर डीएसपी संजीव बेसरा, थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, दीपक राणा ,जमील अंसारी ,अरशद जहांगीर शामिल थे।

## रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। कुछ का आंशिक सपामन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल- पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है।

## हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। छोटू कुजूर जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले में आरोपित है। कमल भूषण की हत्याकांड के बाद लगभग डेढ़ साल तक वह फरार था। कोर्ट के आदेश पर जब पुलिस छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची तभी गुप्त सूचना के आधार पर गुमला से उसे गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्लू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है छोटू कुजूर, डब्लू और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से अपने घर लौट रहे थे उसी दौरान रातू रोड काली मंदिर के पास गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गयी थी।

# भगवान बिरसा मुंडा के फ्रेम की चोरी की शिकायत थाना में की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** चुटिया थाना क्षेत्र के श्री राधा वल्लभ मंदिर (वर्तमान श्री राम मंदिर ) के सभागार के दीवार में टांगे गए भगवान बिरसा मुंडा के फ्रेम की चोरी व अन्यंत्र कर पूरे राज्य/देश को अपमानित किये जाने के संबंध में थाना में लिखित शिकायत की गई है।

शिकायत कर्ता पुष्कर महतो संस्थापक एवं प्रधान सचिव झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड ही नहीं विश्व के महान शहीद धरोहरों में एक हैं। साथ ही झारखंड राज्य के स्टेटस सिंबल भी हैं। 28 जनवरी 1898 ईस्वी में बिरसा मुंडा ने दुनिया के अंदर




अपनी अलग पहचान, अस्मिता एवं अस्तित्व के लिए अबुआ दिसुम-अबुआ राइज मेरा देश- मेरा शासन का संकल्प इसी श्री राधा वल्लभ मंदिर, चुटिया, रांची में लिया था। बिरसा मुंडा के चित्र को यंत्र किया जाता रहा है अर्थात अपमानित किया जाता रहा है वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## बर्ड फ्लू संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट उत्पाद, अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है।संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन/ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

आपको बतायें कि ICAR-NIHSAD भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में एच5एन1 श की पुष्टि हुई है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक रहेगा।

# जेईई मेंस 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गुरुवार को एन टी ए द्वारा जेईई मेंस,2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान से शामिल कुल 32 छात्रों में से 22 छात्र जे. ई .ई एडवांस्ड की परीक्षा में शामिल होंगे द्य सफल छात्रों में हर्ष कुमार (2909),धीरज उरांव (2971), ऋषि गर्ग(16994), सृष्टि (16996), शशांक अनंत (18232) स्वप्निल शिवम्



(19819), राघवेंद्र, उद्धव उत्कर्ष , कौस्तुभ किरण, मयंक मोहन गाँधी, आयुष कुमार, आस्था रंजन,कुशाग्र सिंह, मृणाल मयंक सिंह,प्रशंसा प्रिया, क्षितिज, आदर्श रंजन, आर्यन,अनिशा अग्रवाल इत्यादि शामिलहैं।

सभी उल्लिखित रैंक श्रेणी अर्हता के अनुसार हैं।छात्रों के इस सफलता से संस्थान में अत्यंत उत्साह, खुशी एवं शैक्षिक प्रेरणा का माहौल कायम हो गया है। निदेशक आशीष आनंद ने छात्रों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञातव्य हो कि आशीष आनंद स्वयं आईआईटी बॉम्बे के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

# कॉमरेड उमेश नजीर की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** 25 अप्रैल 2024 को सीपीआई के राज्य कार्यालय के सभागार में कॉम उमेश नजीर की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।उमेश नजीर को याद करते हुए राज्य कार्यकारणी सद्स्य सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा की कॉम उमेश नजीर के असमय मृत्यु से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है।उमेश की पहचान आंदोलनकारी के रूप में थी,नजीर जन आंदोलन की उपज थे




,पार्टी और समाज के लिए समर्पित कार्यकर्ता एवम सहज सुलभ इंसान था।जल जंगल, और ज़मीन के कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई और कोरोना काल में रांची में सामाजिक सेवा और समाज के निचले और दबे कुचले लोगो के बीच जाकर सेवा और कोविड में अनाज बाटना खास तौर में मैक्लुस्कीगंज में बिरहोरो के बीच जाकर राशन पहुंचना जहां कोई भी संस्था नहीं पहुंची थी यह दर्शाता है की उमेश नजीर एक सच्चे समाज के पुरोधा थे,संयोग से मैं भी उस समय उनके साथ था । उमेश नजीर के जाने मेरी व्यक्तिगत क्षति तो हुई ही मगर पार्टी ने कर्मठ योद्धा को खो दिया ऐसे साथी बिरले ही मिलते है। मुख्य रूप से, श्यामल चक्रवर्ती, मनोज ठाकुर, अमित सिन्हा, अनिरूद्ध कुमार, लक्ष्मी पासवान ,सिमरन मिंज,सुनील सिंह,योगेंद्र बेनी,राजेश यादव, संजीत कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच है : भोला नाथ सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने गुरुवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के महत्व के बारे में पत्रकारों से बात की। लीग का चरण 1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जो भारत में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। अपनी तरह की यह पहली घरेलू लीग देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का एक रोमांचक प्रदर्शन होने का वादा करती है। दो चरणों में ढांचाबद्ध, एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और दोनों स्थापित और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना है। उद्घाटन चरण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमों को शामिल किया जाएगा।हॉकी हरियाणा,हॉकी महाराष्ट्र,हॉकी झारखंड (मेजबान),हॉकी मध्य प्रदेश हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम,मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर और जोर देते हुए, लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा।

## कैश कांड में आरोपित अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची :** कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई।अदालत ने सुनवाई के बाद राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

# झॉलीवुड कलाकार राज सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि आज


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्मृति शेष : समय पर इलाज नहीं होने से , झॉलीवुड ने प्रतिभाशाली कलाकार राज सिन्हा को खो दिया। कोरोना संक्रमण काल में आज ही के दिन 26 अप्रैल 2021 को कोरोना संक्रमण से जूझ रहे झॉलीवुड के कलाकार राज सिन्हा का रांची के सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। आज उसकी तीसरी पुण्यतिथि है। बता दें कि लंबे बाल, कान में बाली, हाथ पर मोटा काड़ा, गले पर मोटी चेन, अंगुलियों में अंगूठी और हमेशा स्टाइल में रहने वाले पंडरा रांची निवासी राज सिन्हा का 26 अप्रैल की सुबह 10 बजे सदर अस्पताल, रांची में अंतिम सांस ली थी। अपने टैलेंटे के बल पर झारखंड के लोगों के दिल में बसने वाले झॉलीवुड के अभिनेता राज को सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी, वे वेंटिलेटर पर थे।

डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन आखिर समय में नर्सों के हड़ताल पर चले जाने के कारण उनका इलाज समय पर नहीं हो पाया जो एक जांच का विषय है। राज शुरुआती दौर में पाजेब में डांस सिखता था। कभी डांस क्लास मिस नहीं करता था।

इसी लगन के कारण पाजेब में डांस टीचर बन गया और बच्चों को डांस का प्रशिक्षण देने लगा। राज ने अपने कॅरियर की शुरुआत नागपुरी एलबम बंबई कर लोला से की थी। फिर रांची दूरदर्शन में नए साल 2002-03 में कॉमेडी करते नजर आए। इसके बाद रांची दूरदर्शन के कई कार्यक्रमों डांस प्रोग्राम का हिस्सा रहा। फिर धीरे-धीरे उसने डांस और एक्टिंग के क्षेत्र में काम करना शुरू किया।

ओह कच कच, बंबईया हवा, प्यारा सा दिल, प्रेम चिट्ठी, प्यार का नशा, नाच गोरिया, चंपा फूल सुंदरी गौरी सहित कई एलबम में उन्होंने अभिनय किया। कुछ भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया। उन्होंने नृत्य क्रांति अकादमी हरमू और डांस रिव्यूलेशन अकादमी पंडरा में ब्रांच स्थापित किया था।



उनके निधन से झॉलीवुड परिवार के दीपक सिन्हा, सतीश, दिनेश देवा, राजीव, सुधीर, सौरभ, प्रशांत, कमलेश व उज्जवल परवेज कुरैशी सहित कई कलाकारों ने उसे याद किया।

# राजमहल लोकसभा सीट से माकपा ने गोपीन सोरेन को बनाया उम्मीदवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि पार्टी राजमहल लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी। गोपीन सोरेन माकपा के उम्मीदवार होंगे और वह नौ मई को नामांकन करेंगे। उन्होंने गुरुवार को कहा कि राज्य कमिटी ने झारखंड में केवल एक लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देने का निर्णय किया है। पार्टी की अखिल भारतीय चुनावी कार्यनीति जिसमें भाजपा और उसके सहयोगियों को पराजित कर केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके मद्देनजर राज्य की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए माकपा ने केवल एक सीट पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। राजमहल लोकसभा सीट पर पार्टी के चुनाव अभियान की तैयारी बहुत पहले से ही चल रही है। पार्टी का इस इलाके में अपना जनाधार भी है और पिछले दो वर्षो से यहां के ज्वलंत जनमुद्दों पर पार्टी की ओर से लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है। हालांकि यह सीट झारखंड में इंडी गठबंधन के एक प्रमुख घटक की पिछले दो बार से जीती हुई सीट है। लेकिन यहां से जीते हुए सांसद की निष्क्रियता और इस



लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं के प्रति उनकी उदासीनता के चलते मतदाताओं में भारी आक्रोश है। संताल परगना में कार्पोरेट घरानों के जरिये यहां उपलब्ध खनिज की लूट के लिए आदिवासियों और अन्य गरीबों की जमीन हथियाने के खिलाफ तथा इस क्षेत्र में निजी खनन से उत्पन्न हो रहे बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ भी सांसद की रहस्यमय चुप्पी से आम मतदाता काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि खुद उनके दल के विधायकों सहित पार्टी के कई नेताओं की ओर से भी उनकी उम्मीदवारी का मुखर विरोध किया जा रहा है। यहां के आम मतदाताओं का कहना है कि यह उम्मीदवार भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है। इस पृष्ठभूमि में राजमहल लोकसभा क्षेत्र में माकपा ही एकमात्र राजनीतिक पार्टी हैं जो भाजपा को हराने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मानना है कि गठबंधन मे शामिल राजनीतिक पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग का मामला शुरू से ही राज्य स्तर पर तय किए जाने का फैसला किया गया था।

## सेंट जेवियर्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मतदाता जागरूकता के लिए सेंट जेवियर्स कॉलेज सभागार में स्वीप के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहली बार वोट दे रहे हैं युवा - युवतियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला उपयुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा , डीडीसी दिनेश यादव , एसडीएम उत्कर्ष कुमार, प्राचार्य डॉक्टर एन लकड़ा एस जे, प्रोफेसर विजय शर्मा , फादर रवि हेमंत कुजूर, सौम्या सिन्हा, डॉक्टर आशुतोष पांडेय, अमन कुजूर , अजय अरुण मिंज, बीके सिन्हा सहित कई शिक्षक , शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित सी हुई । इसके बाद उपायुक्त राहुल सिन्हा ने युवक युवतियों को जो पहली बार मतदान करने वाले हैं उसे प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना आपका अधिकार है । और यह लोकतंत्र




की बहुत बड़ी ताकत है , कि आप अपनी इच्छा शक्ति से अपने बेहतर और साफ छवि वाले उम्मीदवार का चयन करते हैं। इस मौके पर डीडीसी और एसडीएम ने भी संबोधित किया और छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि 26 अप्रैल तक वैसे मतदाता जिसका नाम मतदाता सूची में छूट गया हैं वह अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने बुलाई अवश्यक बैठक




**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल में मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई, जिसमें शक्ति केंद्र के प्रभारी के साथ किया गया और आगामी 2 मई को रांची लोकसभा के बड़े भाई श्री संजय सेठ जी का नॉमिनेशन के लिए सिल्ली मंडल की ओर से अधिक से अधिक कार्यकर्ता जाने की दिशा को लेकर चर्चा की गई करीब 2000 से ऊपर कार्यकर्ता और 200 मोटरसाइकिल में रांची जाने की तैयारी को लेकर चर्चा की गई तथा साथ ही प्रत्येक शक्ति केंद्र में आगामी बैठक के लिए तैयारी को लेकर चर्चा की गई इस बैठक में शक्ति केंद्र के सभी प्रभारी उपस्थित रहे।

## उग्रवादीयों के खिलाफ चलाया गया सर्च अभियान



**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुर गांव के बॉर्डर के बेती बागदा और मेढ़ी के जंगलों में उग्रवादीयों के खिलाफ ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार ने अपने दल बल के साथ कड़कड़ती धूप में चलाया सर्च अभियान इस दौरान थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने बगदा, बेंती, मुरेठा, मेड़ी और पतरातू आदि गांवों के जंगलों में सघन अभियान चलाया। ज्ञात हो कि कि दो दिन पहले बड़कागांव क्षेत्र में पुलिस और टीएसपीसी के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस घटना को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि भविष्य में भी उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा।

## हमारा संविधान बच्चों सहित सभी को सम्मानपूर्वक जिंदगी जीने का देता है अधिकार : इन्द्रमणि साहू

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हमारा संविधान बच्चों सहित सभी को सम्मानपूर्वक जिंदगी जीने का अधिकार देती है. पर, यह अधिकार तब छिन जाता है जब किसी की शादी कम उम्र में कर दी जाती है. इससे बच्चों का मौलिक अधिकार का हनन होता है. इसे समझना हम सभी का कर्तव्य है. यदि किसी भी गांव में ऐसी घटना घटती है तो उसे शर्मनाक माना जाना चाहिए. आज इस प्रथा के कुप्रभावों को समझना और इसे रोकना बहुत जरूरी है और यह जागरूकता, शिक्षा, समझदारी, सहयोग और समन्वय से ही संभव है. यह बात आज आशा संस्था की ओर से कोडरमा स्थित होटल सेलिब्रेशन में आयोजित प्रेस वार्ता में गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स के प्रतिनिधि इन्द्रमणि साहू ने कही. उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक वैश्विक और सामाजिक मुद्दा है इसकी रोकथाम को लेकर काम जारी है. गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स 100 से ज्यादा देशों में कार्य कर रही है. इसकी रोकथाम में मीडिया, सरकार एवं स्वैच्छिक संगठनों का अहम् योगदान है. यदि हम सभी सच्चे मन से चाह लें तो देश व दुनिया से जल्द ही बाल विवाह व बाल मजदूरी जैसे मुद्दे समाप्त हो जाएगी. श्री साहू ने कहा कि गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है. इस नेटवर्क का हिस्सा हम सभी को बनना चाहिए. इसका मकसद है कि इंडिया सहित बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका सहित अन्य एशियाई और अफ्रीकी देशों से बाल विवाह का चलन खत्म हो. उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं व बच्चों में कई तरह की बीमारियों व शिशु मृत्यु दर बढ़ने के पीछे बाल विवाह प्रमुख कारण है. इसकी रोकथाम को लेकर स्थानीय सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं अपने स्तर से इस अन्यायपूर्ण प्रथा के खतरों के बारे में जागरूकता अभियान चला रही है. इसे और व्यापक करने एवं मिडिया को अपनी भूमिका निभाने की जरुरत है. महिला अधिकार को लेकर कार्य कर रही सामाजिक कार्यकर्ता पूनम साहू ने कहा कि बाल विवाह करना कानूनी अपराध की श्रेणी में है. बावजूद जिले में कानून को ताख पर रखकर बाल विवाह हो रहा है. वर्तमान में जिले में 67 फीसद विवाह बाल विवाह है. इस आंकड़े के अनुसार राज्य में कोडरमा का स्थान तीसरा है. जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां एवं डोमचांच में यह प्रतिशत 82 से भी ज्यादा है. यह घोर चिंता का विषय है. उन्होंने कहा कि यदि हालात यही रही तो स्थिति और भी चिंताजनक हो जाएगी और समाज संकट में आ जाएगी. समर्पण के सचिन कुमार ने बाल विवाह से बच्चों में होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करना बेहद जरुरी है. उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 तथा नियमावली 2015 का हवाला देते हुए कहा कि इस अनुष्ठान में शामिल होने वाले सभी गुनहगार हैं. उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होते कहीं दिखे या जानकारी मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर या 100 नंबर पर सूचना देना जरुरी है. सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जाती है. समर्पण संस्था से जुड़कर बाल अधिकार और ग्राम सभा सशक्तिकरण को लेकर कार्य कर रहे आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि हम सभी को बच्चों के प्रति गंभीर रहने और उनके अधिकारों की जानकारी रखना जरूरी है. उन्होंने कहा कि कोविड एवं जिला में ढिबरा कारोबार बंद होने के बाद यहाँ बाल विवाह, बाल यौन उत्पीडन, बाल तस्करी जैसी घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. हालाँकि, रिपोर्टिंग कम हो रही है. मौके पर पिंकी देवी, प्रभाकर कुमार दास, मनीषा मेहता, वीणा कुमारी, सुनीता कुमारी, मंगलदेव रजक, बिमला देवी, उमेश कुमार, दीपक कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार सिंह, रजनी राणा आदि उपस्थित थे.

## फुटबॉल कप टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक स्वीप कोषांग कोडरमा के तहत जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल कप टूर्नामेंट कोडरमा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन 4 मई 2024 को झुमरी तिलैया स्थित सी.एच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में किया जायेगा। दिनांक 4 मई 2024 को पूर्वाह्न 6.30 को पुरुष वर्ग में ग्रुप 'ए' अंतर्गत चाराडीह और मॉरियम के बीच मैच खेला जायेगा। वहीं ग्रुप 'बी' अंतर्गत मंडुवाटांड व करियावां के बीच पूर्वाह्न 8.30 को मैच खेला जायेगा। दिनांक 4 मई 2024 के पूर्वाह्न 7.30 को महिला वर्ग में ग्रुप ए अंतर्गत ढाब एवं खरखार के बीच मैच खेला जायेगा, वहीं ग्रुप 'बी' अंतर्गत डोमचांच एवं थाम के बीच पूर्वाह्न 9.30 को मैच खेला जायेगा।

# कुदा में निर्मित एकलव्य विद्यालय के चारदिवारी के विरोध में विशेष बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के कूदा ग्राम में गुरुवार को ग्राम सभा व संयुक्त पड़हा संघ की एक विशेष बैठक ग्राम कुदा में निर्मित एकलव्य विद्यालय के चारदिवारी के विरोध में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीणों ने कहा हमारे मौजा क्षेत्र में वर्तमान में एकलव्य विद्यायल का निर्माण हुआ है अब ग्राम सभा के अनुमती के बिना जबरन एकलव्य विद्यालय का करीब 10 से 12 एकड़ जमीन पर चारदीवारी देने का काम शुरू किया जा रहा है जिससे विद्यालय के दूसरी छोर में गांव का चारागाह, पुजा स्थल, मसना व खेत खलियान है चारदीवारी होने से हमलोगों का आवागमन बंद हो जाएगा.

किसी भी विकास कार्य को करने के लिए ग्राम सभा का अनुमती लेना आवश्यक है और हम ग्रामीणों का भी सुविधा को सरकार को ध्यान देना चाहिए जबकि सरकार व ठिकेदार मनमानी कर रही है जिसे हमलोगों कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगें हमारें पुर्वुज इस जमीन को अभी तक बचाकर रखें है हमलोगों नें कुदा मौजा में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, आईटीआई, यूनानी औषाधलय एवं एफसीआई का गोदाम बनाने का जगह निर्गत कराया है लेकि हम ग्रामीणों को शिक्षण व नियोजन जैसे रखा गया है अब बचा जमीन पर भी घेराबंदी का कार्य किया जा रहा है जिसमें हमारा धार्मिक स्थान और पशु चारगाह है । ग्रामीणों का कहना है पेशा कानून। के तहत सीएनटी क्षेत्रक्ष में ग्राम सभा की अनुमति के बिना किसी प्रकार का निर्माणकार्य नहींहोना चाहिए जो भी कार्य हो रहा है ठेकेदार ग्राम सभा को इसकी विस्तृत जानकारी दें बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान प्रखंड अध्यक्ष महादेव मुंडा एवं संयुक्त पडहा के सदस्य शिबू हीरो ने भी संबोधित करते किया और कहा कि हमें बहुत तरह से बरगलाने की कोशिश की जाएगी लेकिन हमें सचेत सावधान रहने की आवश्यकता है नहीं तो हम आदिवासी लोग हमेशा की तरह दूसरों के द्वारा गुमराह होते रहे है और होते रहेंगे. मौके पर खुद ग्राम के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

# मतदान के लिए भारथी कॉलेज ऑफ इंस्टीच्यूशन के छात्रों व शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के तत्वाधान मे भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा एन.एस.एस.(राष्ट्रीय सेवा योजना) के तहत दिनांक 25.04.2024 को महाविद्यालय द्वारा गोद किये गाँव करकरा के अलावा पुनगी आदि गावों मे मतदाता जागरूकता अभियान शैक्षणिक सचिव श्रीमति दीपाली परासर के निर्देशन मे यह रैली निकाली गई तथा मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया । यह रैली उक्त गावों से होते हुए माण्डर प्रखण्ड तक ले जाया गया, इस दौरान मनोरंजन



कुमार (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल पदाधिकारी) माण्डर भी उपस्थित थे । श्री मनोरंजन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी आवश्यक है यदि लोग अपनी भागीदारी व जवाबदेही सुनिश्चित करेगें तो निश्चित ही देश मे लोकतंत्र मजबूत होगा । भ्रमण वाले गाँव में सभी ग्रामवासी बढ़चढ़कर हिस्सा लिये। और आगामी 13 मई को हाने वाले चुनाव मे बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील की। इस रैली मे बी.एड. , डी.एल.एड, फार्मेसी , जी.एन.एम. एव बी.एस.सी. नर्सिंग के छात्र/छात्राएँ भाग ली। इस रैली मे प्रखण्ड द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर नितेश कुमार पाठक बी.एड प्राचार्य , नर्सिंग प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, राकेश कुमार राय(विभागाध्यक्ष बी.एड.), मनोज कुमार गुप्ता (विभागाध्यक्ष डी.एल.एड.), एन.एस.एस.(कॉडिनेटर विवेक राज जायसवाल व्याख्याता मधुरंजन, रिभा कुमारी, विनीता चैधरी कृपाशंकर सिंहा, एंजेला गाडी,पूनम मिंज,क्रिस्टीना किस्कु, अराधना जैकब, इत्यादि एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी इमरोज भी सम्मिलित हुए।

# छूटे हुए मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में प्रशिक्षण में छूटे गये मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक,आईटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा अलग-अलग महिला मतदान कर्मियों को



उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध से अवगत कराया गया।

साथ ही सभी मतदानकर्मियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्न पूछकर कहा गया कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली सभी आयामों की जानकारी से अपने आप में संतुष्ट हो जाने तक प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान ईवीएम, वीवीपैट द्वारा मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए ईवीएम, वीवीपैट का हैंडस ऑन कराया गया।

# उर्दू विभाग में सेमिनार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज उर्दू स्नातकोत्तर विभाग में झारखण्ड की हिन्द आर्याइ भाषाएँ और उर्दूपृष्ठ भूमि और समानताएं विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए बांग्ला विभाग की अध्यक्षता डॉक्टर निवेदिता सेन ने कहा कि बांग्ला भाषा में भी उर्दू शब्द घूल मिल गया है।उन्हों ने कहा कि सारी भाषाओं का काम समाज में संवाद स्थापित करना है और प्रेम भाव बढाना है। इस अवसर पर संस्कृत की विभागाध्यक्षा डॉक्टर उषा टोप्पो ने कहा कि उर्दू के मुहावरे जन मानस की भाषा का अभिन्न अंग बन गए हैं।उर्दू विभाग के डॉक्टर एजाज




अहमद ने कहा कि उर्दू और हिन्दी विभाग में बहुत समानताएं हैं लेकिन लिपी के कारण जनता उर्दू के विशाल साहित्य से अनभिज्ञ हैं।

उर्दू विभागाध्यक्ष डॉक्टर रिजवान अली ने विषय प्रवेश कराते हुए झारखण्ड की सभी भारोपीय भाषाओं जैसे, बांग्ला, नागपुरी, खोरठा, मगही, भोजपुरी, उड़िया, तमड़िया, पंचपरगनिया, अंगिका, भोजपुरी,के साथ उर्दू भाषा को भी झारखण्ड की समृद्ध भाषा बताया और कहा कि लिपि से इतर व्याकरण और शब्दावली का वृहद शब्द कोष संस्कृत,पाली और प्राकृत के तदभव और तत्सम के योग से बना है।

संगोष्ठी का संचालन इंतखाब अली और शम्सुल हक ने संयुक्त रूप से किया।अंत मेंधन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर हैदर अली ने दिया।

# मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**खूंटी :** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संस्थानों में भी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों एवं बैंकों में #VAF वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी।

इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न ग्राम स्तर पर द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वीप के तहत जागरूकता गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिया गया है। मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे स्वयं तथा उनके क्षेत्र के मतदान करें यह सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

## सरला बिरला के छात्रों का जेईई मेन्स अप्रैल-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेईई मेन्स अप्रैल-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, धैर्य पांडे ने 98.9870230 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, उसके बाद अपूर्बो रॉय ने 98.8447182 पर्सेंटाइल, आयुष राज यादव ने 98.7884367 पर्सेंटाइल, बुट्टा नागा वेंकट कृष्णा ने 97.9357413 पर्सेंटाइल, आर्यमान कुमार ने 97.6370999 पर्सेंटाइल, तीर्थ श्रेष्ठ 96.7736114 पर्सेंटाइल, शिवम मिश्रा 96.6872740 पर्सेंटाइल, सुधांशु कुमार 96.3091710 पर्सेंटाइल, रणवीर राज 95.9133237 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद 95.4146232 पर्सेंटाइल, भूमि केशरी 95.3957983 पर्सेंटाइल, प्रवु समर्पिता नायक




93.9703785 पर्सेंटाइल, आकर्ष कुमार सिंह 92.6028770 पर्सेंटाइल और सौरभ तिवारी ने 92.4346213 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

## लोकसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यको के साथ किया अन्याय

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे लोगो की नाराजगी और विरोध भी सामने आ रहा है।झारखंड में कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं देने का मामला लगातार तुल पकड़ता जा रहा है।खलारी प्रखंड क्षेत्र के राय निवासी और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले समाजसेवी मोहम्मद सोऐब उर्फ गोल्डेन ने प्रेस बयान जारी कर झारखंड में कांग्रेस की इस रणनीति का विरोध किया है।उन्होंने कहा कि झारखण्ड के 14 सीटो पर कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन द्वारा एक भी



मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया है,जिसके कारण राज्य के अल्पसंख्यक समाज के लोगों में नाराजगी और आक्रोश देखा जा रहा है।कांग्रेस पार्टी मुस्लिम समाज के साथ अन्याय करने का काम किया है।भाजपा का डर दिखाकर मुस्लिम समाज के लोगों को कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक समझने का काम किया है।वर्तमान मे मुस्लिम समाज के लोग जागरूक हुए हैं और अपने मत का अधिकार समझते हैं।उन्होने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी जो सेक्युलर का दावा करती है वह लोकसभा चुनाव में झारखण्ड से मुसलमानो का प्रतिनिधत्व को उचित नहीं समझा।उन्होंने कहा कि राज्य की कई लोकसभा सीटो पर मुसलमान की जनसंख्या 20 प्रतिशत से अधिक है,परंतु कांग्रेस पार्टी ने किसी भी सीट में मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।कांग्रेस राज्य के अल्पसंख्यकों को धोखे में रखती है और मुसलमानों को अपना वोट बैंक समझती है,लेकिन राज्य के मुस्लिम समुदाय जागरूक हो चुकी हैं।यही कारण है कि अधिकांश मुसलमानो का झुकाव अब क्षेत्रिय पार्टियों की ओर बढ़ा है।मुस्लिम समाज की अनदेखी कहीं आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भारी न पड़ जाए।कांग्रेस पार्टी के उच्च अधिकारियों को इस पर मंथन करने की जरूरत है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव और पर्व त्योहार को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है।पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया वाहनो के साथ चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है,साथ ही वाहनो से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर वाहन एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने,दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वाहन नहीं चलाने,वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ मे रखने की अपील की है।उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनो वाहनो का चलान काटा गया।

## बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया रेड कलर डे

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराने के उद्देष्य से कक्षा पी0जी0 के बच्चों के लिए रेड कलर डे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने लाल रंग की पहचान की और जीवन में उसके महत्व को जाना। इस विषेष दिन को खास बनाने के लिए कक्षाओं को रेड कलर के गुब्बारों रिबन, बॉल, तितली, सेब, टमाटर, गाजर, स्ट्रॉबेरी, फ्रॉक, की आकृति से सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चे अपने घर से लाल रंग की वस्तुएँ अपने टिफिन में लेकर आए। साथ ही साथ बच्चे व षिक्षिका भी लाल ड्रेस में थी। इस दौरान षिक्षिकाओं ने बच्चों को बहुत सारी रेड कलर की वस्तुएँ, रेड कलर से संबंधित कविता तथा गीत को पाठ करवाया। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का भी आयोजन था। जिसमें अरनव, रिषन्या, अथर्व, आरूष आनंद (सेब), श्वेतज (कार), रूद्र, श्रव्या, चार्वी, मो0 अनस (स्ट्रॉबेरी), प्रथम (टमाटर), प्रीषा (लाल मिर्च) ने बनकर खूब मजा किया। फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में पी0जी0 की छोटी बच्ची शरण्या पांडेय आर्कषण का मुख्य केंद्र थी। जिसने रेड कलर में रक्तदान का संदेष दिया। बच्चों ने कक्षा में रेड एप्पल भी बनाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने रेड कलर - रेड कलर गाने की धुन पर नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में धमाल मचा दिया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 42 बोतल बीयर के साथ राशन दुकानदार गिरफ्तार, जेल



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के तिरूलडीह थाना की पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने के आरोप में 42 बोतल बीयर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार राशन दुकानदार शिवराम गोप अपने राशन की दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब व बीयर बेचता था। इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो ने बताया कि मानकीडीह गांव राशन दुकानदार आपने राशन दुकान पर अवैध रूप से बीयर व अंग्रेजी शराब रखते और बेचने का धंधा चलाते हैं , जिसपर गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस दल के साथ छापेमारी कर 42 बोतल बीयर जप्त कर लिया गया एवं उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा हर हाल में बंद कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों को अपील करते हुए कहा कि अवैध शराब व नशे की अवैध धंधा चलाने वालों का सुचना पुलिस को दें । उन्होंने कहा कि सुचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। जनताओं के सहयोग से ही अवैध नशा का कारोबार को क्षेत्र से खत्म किया जा सकता है। पढ़ें लिखे नव जवान भी नशा का आदि बन रहा है,जिसे रोकना हम सबों का दायित्व है।

## एमजी का स्मार्ट और संधारणीय कॉमेट और जेडएस ईवी ड्राइव पहुंची जमशेदपुर



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीब सौ साल पुरानी ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) का स्मार्ट और संधारणीय एमजी कॉमेट ईवी और जेडएस ईवी ड्राइव गुरुवार को जमशेदपुर पहुंची।इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कंपनी के सेल्स मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि यह कंपनी भारत में ग्रीन मोबिलिटी को तेजी से अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। देश के 17 से अधिक राज्यों में अपनी जगह बनाने के बाद, स्मार्ट और संधारणीय एमजी कॉमेट ईवी और जेडएस ईवी ड्राइव आज जमशेदपुर पहुंची। इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य जमशेदपुर जैसे शहरों के लिए एक संधारणीय, व्यावहारिक और लागत प्रभावी मोबिलिटी सॉल्यूशन के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि एमजी मोटर इंडिया ने ईवी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को 'एक्साइट प्रो' के साथ रेखांकित किया है जो इसकी प्रमुख ईवी का नया वैरिएंट है। डुअल पेन पैनोरमिक स्काई रूफ एमजी जेडएस की कीमत 19.98 लाख रुपये है और साथ ही एमजी कॉमेट फास्ट चार्जिंग विकल्प के साथ उपलब्ध है। इस मौके पर कंपनी के सीआरएम महामाया, एचआर प्रबंधक प्रियंका दीक्षित द्विवेदी, सीनियर सेल्स कंसल्टेंट ऋतुराज, हेमन्त कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## माता-पिता अपने बच्चों को जरूर सिखाएं गुड और बैड टच में अंतर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन गुरूवार को एग्रिको स्थित पंजाब रिफ्यूजी मिडिल स्कूल के बच्चों को गुड टच, बैड टच एवं सोशल अवेयरनेस पर जानकारी देने हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान शाखा उपाध्यक्ष कि बेटी पायल अग्रवाल द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बैड टच का प्रदर्शन (डिमॉन्सट्रेशन) करके समझाया गया। शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल के अनुसार कार्यशाला में यह भी बताया गया कि बच्चे और माता-पिता के बीच में भरोसे की नींव मजबूत होनी चाहिए ताकि बच्चे बिना डरे अपने माता-पिता को सब कुछ बता सके। शाखा सचिव पूजा अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में सोशल अवेयरनेस पर भी बच्चों का अवगत कराया गया कि मोबाइल फोन में जितनी सुविधा है उतना असुविधा भी होती है जिससे बच्चों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिससे उनका पढ़ाई का स्तर गिर रहा है। साथ ही स्मार्टफोन से निकलने वाली किरणों बच्चों की आंखों को क्षति पहुंचती है इसलिए बच्चों को इसका प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल, उषा चौधरी एवं पिंकी अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## मानगो बस्ती की समस्याओं को ले उपनगर आयुक्त को दिया ज्ञापन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगो बस्ती का एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त रणजीत लोहरा को एक ज्ञापन सौंपा। अंसार खान ने बताया गुलाबबाग फेस टू और जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14 आफरीन टावर के पीछे दोनों जगह का नाली पास हो चुका है। पास होने के बावजूद भी अभी तक कार्य नहीं किया जा रहा है। दूसरी और कुछ जगहों पर स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी है उन्हें बनाया जाए। और कुछ जगहों पर नया स्ट्रीट लाइट लगाना अनिवार्य है। आयुक्त रणजीत लोहारा ने कहा आचार संहिता लगने के कारण काम नहीं हो पाया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद काम किया जाएगा। आज प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद निजामुद्दीन, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद आजम मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू संचालन के लिए गठित विभिन्न कोषांगों का औचक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने किया। इस दौरान उन्होने सामग्री कोषांग, मतपत्र कोषांग, मीडिया कोषांग सह एमसीएमसी, जिला नियंत्रण कक्ष एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम में पहुंचकर कोषांगों के कार्यो का अवलोकन किया। इस दौरान कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली साथ ही कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही नहीं बरतें, सजग और तत्पर होकर ससमय कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें ।सामग्री कोषांग के निरीक्षण में निर्वाचन से संबंधित प्रपत्रों एवं सामग्रियों का मिलान संख्यात्मक रूप से एवं गुणवत्ता पूर्वक ससमय कार्य करने के निर्देश दिए । साथ ही सामग्री कोषांग को जगह की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए बंदोबस्त कार्यालय में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया । आईटीडीए कार्यालय में संचालित मतपत्र कोषांग के निरीक्षण में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा गहनता एवं सूक्ष्मता से सभी कागजातों का निरीक्षण किया । कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया जटिल जरूर है लेकिन सजग होकर कार्य करें तो सबकुछ आसानी से करना संभव है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग के निरीक्षण में कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। मौके पर उन्होने प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकरी तथा कर्मियों से पेड न्यूज की निगरानी, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन आदि को लेकर जानकारी लिया । निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह समेत संबधित कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## पाटा हेंसल में शराब बंदी को लेकर महिलाऐं एकजुट

**- चलाया नशा मुक्ति अभियान, जिला उपायुक्त से की शिकायत**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के बड़ा सिजुलता पंचायत अंतर्गत पाटा हेंसल में ईन दिनों नशे का कारोबार खूब फल फूल रहा है। जिससे गाँव के बच्चे युवा महिला पुरुष सभी का जीना दुर्लभ हो गया है। वहीं पंचायत की मुखिया निर्मला सरदार के नेतृत्व में पाटा हेंसल महिला समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई,जिसमे गाँव की महिला समिति के सदस्यों ने पाटा हेंसल गाँव को नशा मुक्त करने का प्रण लिया।और गाँव मे संचालित अंग्रेजी सरकारी शराब की दुकान का विरोध करते हुए, कहा सरकारी शराब दुकान के आस पास स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र व देवस्थान है।जहाँ प्रतिदिन शराबियों के द्वारा गाँव के आस पास शराब पीते नजर आते है। इस कारण यहां की युवा पीढ़ी नशे के आदि हो रहे है। इसके साथ साथ पाटा हेंसल गाँव मे शराब माफिया देशी शराब धड़ल्ले से बेच रहे है। लगभग दस ऐसे ठिकाने है।जहां घरों में देशी शराब मिलता है। और सुबह से ही शराबी नशा करते नजर आते है। वहीं पाटा हेंसल कॉलोनी साई में देशी शराब के साथ साथ गांजा पीने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। क्योंकि गाँव मे गांजा भी चोरी छुपे बेची जा रही है।लेकिन आज तक इन नशे के कारोबारीयों पर किसी ने कोई करवाई नही की। वहीं जिला उपायुक्त इस पर संज्ञान लेकर करवाई करने का आश्वासन भी दिया।मौके पर मुखिया के पति शम्भू सरदार, वार्ड सदस्य ममता मंडल,छबि रानी मंडल,लोचन मंडल,समेत महिला समहू की कई महिलाएं उपस्थित थी।

## विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में कार्यशाला आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ लक्ष्मी कुमारी ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को मलेरिया रोग के लक्षण, बचाव व रोकथाम को लेकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने मलेरिया दिवस के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि हालांकि विगत कई वर्षो से इस बीमारी के रोगियों में कमी आई है। इसके बावजूद हमें सतर्क रहना है उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम मलेरिया के खिलाफ जारी लड़ाई में तेजी लाना है। इस मौके पर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर मलेरिया निरीक्षक संतोष कुमार साहू समेत सभी एमपीडब्ल्यू व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## जमशेदपुर में चलती बाइक में लगी आग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची थाना अंतर्गत जलेबी लाइन में चलती बाइक में आग लग गई. आग लगने से दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई. जिस जगह बाइक में आग लगी थी उसके आसपास के दुकानदारों ने दुकान बंद कर दी. दुकानदारों ने पानी डालकर और फायर फाइटर का इस्तेमाल कर आग बुझाने की कोशिश की. लेकिन कामयाबी नहीं मिली. दुकानदारों ने बताया कि युवक बाइक चलाता हुआ आ रहा था. अचानक बाइक में आग लग गई, तो वह बाइक वहीं खड़ी कर हट गया. बाइक जलता देख लोगों ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की. स्थानीय दुकानदार नरेश खंडेलवाल बताते हैं कि आसपास के दुकानदार परेशान हो गए कि कहीं बाइक की टंकी में विस्फोट ना हो जाए. इससे आग बढ़ जाती और विस्फोट का खतरा भी बढ़ जाता। लोगों ने मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी. इसके बाद, फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और बाइक पर पानी डालकर आग को काबू में किया।

## सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के स्वीप कार्यक्रमों का शहरी क्षेत्र से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 02 में आम लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया गया। सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई।

## विश्व मलेरिया दिवस पर टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया जागरूकता सत्र समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने जागरूकता सत्र के साथ विश्व मलेरिया दिवस मनाया ।टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा आज आयोजित जागरूकता सत्र के साथ विश्व मलेरिया दिवस समारोह किया गया। समारोह में 290 लोगों की भागीदारी थी, जो मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में समुदाय के प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम पूर्वी सिंहभूम सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, पूर्वी सिंहभूम के जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. ए.के. मित्रा, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त, कृष्ण कुमार ,टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कृष्ण कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, टाटा स्टील यूआईएसएल जैसे संगठनों को सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाते हुए देखना खुशी की बात है। साथ मिलकर, हम मलेरिया मुक्त भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं।टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक, रितु राज सिन्हा ने कहा, ÷हमारा समुदाय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता व्यापार से परे है। जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देकर, हम सभी के लिए एक अधिक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं।

## आवर क्लासेज फॉर योर सक्सेस में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** आवर क्लासेज फॉर योर सक्सेस कोचिंग संस्थान में कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के प्रभारी आकाश महतो एवं विशिष्ट अतिथि अजय करुआ उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि जिस विषय मे बच्चों की रुचि हो उसी में फोकस करनी चाहिए। इससे वे अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित संस्थान के विज्ञान ग्रुप के शिक्षक राहुल प्रसाद, सुजीत कुमार एवं अमित झा ने विज्ञान को लेकर किस प्रकार देश का नाम ऊंचा कर सकते है, इस बाबत विस्तार से बच्चो को बताया। इस दौरान वाणिज्य समूह के शिक्षक अमन यादव ने बच्चों को कहा कि वाणिज्य आने वाले समय का सबसे अच्छा विकल्प है। इसमें भी बच्चे अपना कैरियर बना सकते है। कार्यक्रम के अंत मे जैक बोर्ड में दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण कोचिंग के छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।जनत में संस्थान के संचालक अमन यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राहुल कुमार, सुजीत कुमार, अमित कुमार, रविश, राखी, अनिल, नीरज स्मिता, अजय, आकाश आदि का योगदान रहा।

## जे.ई.ई. मेन-2024 में नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 153 छात्र सफल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर' के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. मेन-2024 में बेहतर सफलता अर्जित की है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में रिजल्ट जांचे जाने तक 153 छात्र सफल हुए है। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है, जबकि अभी रिजल्ट की जांच होनी बाकी है। नारायणा जमशेदपुर से जे.ई.ई. (मेन) 2024 में जेनरल कटेगेरी में ऑल इंडिया रैंक 50000 के अन्दर रैंक पाने वाले छात्रों की सूची जारी की गई है। अनुज कुमार रंजन (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-4438), सचिन कुमार गुप्ता (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-5812 और ओ.बी.सी.-1215), आदर्श राय (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-14414), प्रियांशु शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-14768), अक्षत सिन्हा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-19633), रितिकेश कुंवर (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-21507), किसलय करण सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-26872), आदित्या कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-28545 और ओ.बी.सी. -7696), अर्श गदी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-28753), मिस्टी शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-30387), दिलराज सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-31657), अक्षत कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-34349), मो. फैजान आरिफ (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-34565), शुभम कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-35259), करण कुमार प्रसाद (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-35586), क्षितिज नयन (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-36419 और ओ.बी.सी. 10164), इपशिता मंडल (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-40191), नाव्या कोठारी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-40268), अनिजित महाता (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-41779), अनुश्री खेमानी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-42917), शाह इरम हासमी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-43787), अभिनव आनंद (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-45929), प्रेरणा बोथरा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-46462)।

### नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से टॉप 10 में 6 छात्र

श्याम भूषण ने कहा कि जे.ई.ई.मेन-2024 के रिजल्ट में नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से टॉप 10 में 6 छात्र एवं टॉप 12 में 7 छात्रों ने रैंकों पर अपना कब्जा किया है, जिनका नाम - गजारे निलकृष्णा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-1), एच. विदित (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-5), मुथावरपु अनुप (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-6), एम. साई तेजा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-7), चिन्टु सतीश कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-8), आर्यन प्रकाश (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-10), रोहन साई पब्बा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-12)

**जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो ने समीर मोहंती को किया प्रत्याशी घोषित**

# प्रबल दावेदार रहे आस्तिक महतो के अगले कदम पर अब टिकी निगाहें






प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए झामुमो से प्रबल दावेदार रहे झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो के वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो को टिकट मिलने की उम्मीद तो दो दिनों पूर्व ही खत्म हो गई थी जब पार्टी हाई कमान से हरी झंडी मिलने के बाद बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती ने क्षेत्र भ्रमण शुरू कर दिया था। उन्होंने मंगलवार की शाम पटमदा पहुंचकर झामुमो कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए प्रत्याशी बनने का संकेत दे दिया था। साथ ही पटमदा के बांगुड़दा एवं षड़ंगीडीह में आयोजित हरि नाम संकीर्तन में शामिल हुए थे। अब गुरुवार को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आदेश पर केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की ओर से जब जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए समीर कुमार मोहंती एवं गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए कल्पना मुर्मू सोरेन के नाम का पत्र जारी किया तो आस्तिक महतो के समर्थकों के साथ-साथ वर्तमान भाजपा सांसद से नाराज लोगों में निराशा का माहौल छा गया। शाम करीब 4 बजे जैसे ही सोशल मीडिया पर झामुमो का पत्र वायरल होने लगा तो झामुमो नेता आस्तिक महतो एवं उनके करीबियों के पास लगातार फोन आने लगे और लोग इसका कारण जानने का प्रयास करने लगे। वहीं पार्टी की ओर से टिकट की घोषणा के बाद निश्चिंत लग रहे आस्तिक महतो अन्य दिनों की भांति पटमदा के बेलडीह गांव में आयोजित हरि नाम संकीर्तन में शामिल होने के लिए पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उनसे कई तरह के सवाल किए गए लेकिन वे मुस्कुराते हुए कहा कि पार्टी ने कुछ सोच समझकर ही निर्णय लिया होगा। जब लोगों ने उनसे सवाल किया कि दादा क्या आप किसी दूसरी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे या घर बैठ जाएंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि वह एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं और चुनाव लड़ना नहीं लड़ना सबकुछ जनता के हाथ में है। उन्होंने कहा कि कोई भी कदम उठाने से पहले जनता से विचार-विमर्श जरूरी है। इस प्रकार देखा जाय तो जमशेदपुर लोकसभा का चुनाव 2019 की तुलना में कुछ अलग होने वाला है। भले ही राजनीतिक पंडित या भाजपा के समर्थक इस संबंध में कुछ भी आकलन कर लें कि झामुमो ने समीर मोहंती को मैदान में उतारकर भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के लिए राह आसान कर दी है या वॉक ओवर दे दिया हो लेकिन अब सबकुछ आस्तिक महतो के अगले कदम पर टिकी हुई है। अगर वे मैदान में किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरते हैं तो मुकाबला रोचक भी हो सकता है। हालांकि सोशल मीडिया पर झामुमो प्रत्याशी की घोषणा के बाद कहीं खुशी तो कहीं गम वाली स्थिति दिखने लगी है। आस्तिक महतो के समर्थक जहां सोशल मीडिया पर भड़ास निकाल रहे हैं वहीं भाजपा समर्थक इस चुनाव में इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि इस बार उनको ज्यादा मेहनत नहीं करना पड़ेगा या कड़ी धूप में घरों से चुनाव प्रचार को नहीं निकलना पड़ेगा। चूंकि आस्तिक महतो जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में एक चर्चित नाम हैं और उनकी लोकप्रियता के बारे में काफी लोग अवगत हैं और 2011 के लोकसभा उप चुनाव में बतौर आजसू पार्टी प्रत्याशी करीब 15 प्रतिशत वोट हासिल कर चुके हैं हालांकि तब वह क्षेत्र में उतने सक्रिय नहीं थे। करीब 13 साल के अंतराल में उन्होंने लोगों के बीच अपनी पैठ बढ़ाई है और झामुमो के संस्थापक सदस्य से लेकर कोल्हान प्रमंडल में किंगमेकर के रूप में माने जाने वाले आस्तिक महतो के समर्थकों का कहना है कि लोग उन्हें एक बार सांसद के रूप में देखना चाहते हैं।

## टांगराईन स्कूल में अभिभावकों की विशेष बैठक, शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प

**- आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों की विदाई, रंगारंग कार्यक्रम में थिरके बच्चे**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन में अभिभावकों की आज विशेष बैठक हुई ,जिसमें 25 मई को आम चुनाव में 18 वर्ष से अधिक लोगों ने शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। विद्यालय के छात्रों ने डेमोक्रेसी रूम बनाकर ग्रामीणों को मतदान का तरीका भी बताया। विद्यालय में अभिभावकों की बैठक के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने शिक्षा की गुणवत्ता के लिए शिक्षा विभाग की ओर से चलाये जा रहे प्रोजेक्ट इंपैक्ट, रेल प्रोजेक्ट, प्रयास, बाल संसद आदि के कार्यों की जानकारी दी। बैठक को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगला मांझी ,समाज सेवी उज्ज्वल मंडल, उपाध्यक्ष लक्ष्मी पात्रो आदि ने संबोधित किया ।इस अवसर पर कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी के लिए खाने की भी व्यवस्था थी । रंगारंग कार्यक्रम पर बच्चे जमकर थिरके। पूरे कार्यक्रम का संचालन सातवीं कक्षा की छात्र संजना पात्रो ने किया। कार्यक्रम में भोलानाथ सरदार, शिक्षक राजीव सिंह ,अमल दीक्षित राजेंद्र मुंडा, दशमत मांझी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**रीडिंग चैलेंज की कक्षाएं शुरू:-** अंग्रेजी पढ़ने में बच्चों को निपुण बनाने के लिए विद्यालय में रीडिंग चैलेंज की आज से शुरुआत हुई ।यह कार्यक्रम आशा इंफिनिटी ,बेंगलुरु के माध्यम से चल रहा है। इसमें प्रत्येक दिन बच्चों को व्हाट्सएप पर वीडियो भेजा जाता है ।बच्चों को सुनकर अपनी आवाज में ऑडियो भेजना होता है। कार्यक्रम में 40 बच्चे भाग ले रहे हैं।

संपादकीय

## मायावती का 'अलग राज्य'

**बसपा** प्रमुख मायावती ने चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिमी उप्र को एक अलग, स्वायत्त राज्य बनाने का मुद्दा उछाला है। जब मायावती 2007-12 के दौरान उप्र की मुख्यमंत्री थीं, तब भी वह इस मुद्दे पर मुखर थीं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और उनके बाद भी इसी भूक्षेत्र को 'हरित प्रदेश' नामक राज्य बनाने को आंदोलन और अभियान छेड़े गए थे। 'हरित प्रदेश' राष्ट्रीय लोकदल के महत्वपूर्ण मुद्दों में एक था। चूंकि पश्चिमी उप्र जाट, किसान, गुर्जर बहुल आबादी का क्षेत्र है, जिनका बुनियादी पेशा कृषि है, लिहाजा 'हरित प्रदेश' नाम देने की बार-बार बात कही गई, लेकिन अब मायावती ने जो मुद्दा उठाया है, उसकी भावुकता 'हरित प्रदेश' से न जुड़ कर राजनीतिक और चुनावी अधिक है। बसपा को आम चुनाव, 2024 में कोई बड़ा फायदा मिलेगा, ऐसे आसार नहीं हैं, क्योंकि मायावती राजनीतिक तौर पर उतनी सक्रिय भी नहीं हैं। किसी भूखंड, क्षेत्र का पुनर्गठन कर नया, अलग राज्य बनाना आसान नहीं है। अलग राज्य के लिए संस्कृति, भाषा और जन-आंदोलन का होना बेहद अनिवार्य है। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन का सिलसिला 1953 में शुरू हुआ, जब आंध्रप्रदेश को प्रथम भाषायी राज्य बनाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। तत्कालीन मैसूर राज्य और मद्रास राज्य के हिस्सों को अलग कर 'आंध्रप्रदेश' नए राज्य का पुनर्गठन किया गया। 2013-14 में आंध्रप्रदेश का विभाजन किया गया और 'तेलंगाना' नया, अलग राज्य बनाया गया। राज्य पुनर्गठन आयोग भारत सरकार का एक संस्थान है, जो नया, अलग राज्य बनाने की प्रक्रिया सम्पन्न करता है। आयोग राज्यों के विभिन्न विवादों का भी निपटान करता है। अलग राज्य बनाने के पीछे राजनीतिक समर्थन ही पर्याप्त नहीं, एक स्वतंत्र प्रशासनिक ईकाई स्थापित करना ही मकसद नहीं, बल्कि भाषा और संस्कृति अहम कारक होते हैं। आंध्रप्रदेश को भाषायी आधार पर अलग राज्य बनाने के बाद ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग ने इसी मुद्दे का व्यापक अध्ययन किया और 1955 में निष्कर्ष दिया कि अलग राज्य बनाने के लिए भाषायी ही सबसे सशक्त आधार है। राज्य सिर्फ एक प्रशासनिक ईकाई, एक अलग, स्वतंत्र सरकार ही नहीं है, वहां लोकतांत्रिक संस्थानों की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली भी भावनात्मक हो। भाषा इस संदर्भ में इसका माकूल जवाब हो सकती है। प्रशासन के प्रभावों का भी सवाल है। कभी प्रभावशीलता प्रशासनिक ईकाई के आकार से भी तय होती है। करीब अढाई दशक पहले 'हरित प्रदेश' रालोद का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा था। आज नहीं है। इसी दौर में भाषायी आधार और क्षेत्रीय इतिहास, संस्कृति के आधार पर अलग राज्यों की मांगें मुखर होने लगीं। नतीजतन झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ राज्य बनाए गए। उनके मूल राज्य-बिहार, उप्र और मध्यप्रदेश इतने विशाल राज्य थे कि विभाजन होने के बावजूद कुछ और अलग राज्यों की मांगें गूंजती रहती हैं। आवास और शहरी मामलों की संसदीय कमेटी की एक रपट में अनुमान लगाया गया था कि राष्ट्रीय जीडीपी में शहरी भारत की हिस्सेदारी 65 फीसदी है, लिहाजा शहरी प्रभुत्व राज्य में राजनीतिक आयामों और गतिशीलता को बदल सकता है। राज्य सरकार को जो टैक्स मिलता है, उस पर भी स्वायत्त नियंत्रण इसी वर्चस्व से तय होगा। पश्चिमी उप्र का मुद्दा अपेक्षाकृत आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र का होगा। तेलंगाना भी खेती वाला क्षेत्र था, जिसके अपने आर्थिक मतभेद थे। आंध्रप्रदेश से आज भी ऐसे कई मतभेद सुलझ नहीं पाए हैं, लेकिन हैदराबाद पर तेलंगाना का नियंत्रण है, यह काफी महत्वपूर्ण है। 2021-22 में तेलंगाना ने अपना करीब 79 फीसदी राजस्व अपने कर-संग्रह से ही प्राप्त किया, जबकि आंध्रप्रदेश को ऐसा 50 फीसदी राजस्व ही मिल सका। मायावती के मुद्दे पर गौर करें, तो सबसे पहले राज्य पुनर्गठन आयोग इस पर कैसे विचार करेगा? केंद्रीय कैबिनेट का विचार क्या होगा? सबसे महत्वपूर्ण है कि उप्र की कैबिनेट और विधानसभा का विचार क्या रहता है? बेशक सामाजिक और सांस्कृतिक कारक किसी भी राज्य के पुनर्गठन के बुनियादी आधार होते हैं, लेकिन आर्थिक पक्ष बहुत जरूरी है।


देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और उनके बाद भी इसी भूक्षेत्र को 'हरित प्रदेश' नामक राज्य बनाने को आंदोलन और अभियान छेड़े गए थे। 'हरित प्रदेश' राष्ट्रीय लोकदल के महत्वपूर्ण मुद्दों में एक था। चूंकि पश्चिमी उप्र जाट, किसान, गुर्जर बहुल आबादी का क्षेत्र है, जिनका बुनियादी पेशा कृषि है, लिहाजा 'हरित प्रदेश' नाम देने की बार-बार बात कही गई, लेकिन अब मायावती ने जो मुद्दा उठाया है, उसकी भावुकता 'हरित प्रदेश' से न जुड़ कर राजनीतिक और चुनावी अधिक है। बसपा को आम चुनाव, 2024 में कोई बड़ा फायदा मिलेगा, ऐसे आसार नहीं हैं, क्योंकि मायावती राजनीतिक तौर पर उतनी सक्रिय भी नहीं हैं। किसी भूखंड, क्षेत्र का पुनर्गठन कर नया, अलग राज्य बनाना आसान नहीं है। अलग राज्य के लिए संस्कृति, भाषा और जन-आंदोलन का होना बेहद अनिवार्य है। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन का सिलसिला 1953 में शुरू हुआ, जब आंध्रप्रदेश को प्रथम भाषायी राज्य बनाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। तत्कालीन मैसूर राज्य और मद्रास राज्य के हिस्सों को अलग कर 'आंध्रप्रदेश' नए राज्य का पुनर्गठन किया गया।


### भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी, भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है

## आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी? इसे ऐसे समझिए

कमलेश पांडे

**उत्तरप्रदेश** में पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले यानी गत बुद्धवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद महानगर के कौशांबी स्थित फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू सभागार में, गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया, उसके सियासी मायने स्पष्ट हैं। यहां के शानदार मंच से दोनों नेताओं ने भाजपा की मोदी सरकार के प्रति जो तल्खी दिखाई, उससे यह सवाल उभरकर सामने आया कि आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी? आपको पता होना चाहिए कि यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन होने के बाद पहली बार दोनों नेता एक साथ, एक मंच पर दिखाई दिए और पत्रकारों के लाख कुरेदने के बावजूद भी संतुलित और सधे हुए अंदाज में जो बातें कहीं, उसके राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं। पहला यही कि कांग्रेस-सपा की यह युगलबंदी लंबी चलेगी। क्योंकि पीएम पैदा करने वाले इस प्रदेश से यदि भाजपा और एनडीए गठबंधन को खदेड़ना है, तो पीएम के हवा-हवाई मुद्दों की बजाए राहुल गांधी-अखिलेश यादव के जमीनी मुद्दों यानी कांग्रेस की गारंटी (जिसमें इंडिया गठबंधन के मुद्दों को समाविष्ट किया गया है) की बात पर जोर देना होगा। कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हित। दूसरा, रामनवमी के दिन ही इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होने और इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देने का स्पष्ट मकसद है कि इंडिया गठबंधन सनातन मर्यादाओं की उपेक्षा अब नहीं करेगा। क्योंकि 2014 और 2019 का नजीर उसके सामने है। लिहाजा, 2024 में पुरानी गलतियों से सबक लेने की कोशिश की गई है। शुरुआत भी अच्छी है। तीसरा, इस प्रेस वार्ता में राहुल गांधी का यह कहना कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है, काफी अहम है। उनके शब्दों में, 'एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस


कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हित। दूसरा, रामनवमी के दिन ही इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होने और इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देने का स्पष्ट मकसद है कि इंडिया गठबंधन सनातन मर्यादाओं की उपेक्षा अब नहीं करेगा। क्योंकि 2014 और 2019 का नजीर उसके सामने है।





नीत इंडिया गठबंधन देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने मुद्दे पर अडिग है और सावधानी पूर्वक नए मुद्दों से खुद को जोड़ रही है, जो अच्छी बात है। चतुर्थ, बकौल राहुल गांधी, इस चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। वह है महंगाई, बेरोजगारी और भागीदारी। लेकिन इसके बारे में ना तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और ना ही बीजेपी बात कर रही है। यही वजह है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी वह समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं, तो कभी वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं। संभवतया जनता भी इस बात को समझने लगी है, जिससे यूपी में राहुल-अखिलेश का ग्राफ ऊंचा उठने के संकेत मिलने लगे हैं। पांचवां, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया? उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी, भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए यहां तक कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपने आपमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठित घोटाला है। इसमें सरकारी एजेंसी और बीजेपी नेतृत्व की दोनों भूमिका संदेहास्पद है। इस प्रकार इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। विपक्ष के नेता का ऐसा तेवर तभी दिखता है, जब सत्तारूढ़ सरकार का अवसान सुनिश्चित होने का फीडबैक कार्यकर्ता देते हैं। छठा, राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि ₹मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है।₹ उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, विकास के वादे भी अधूरे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। इसलिए मोदी-योगी सरकार से मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यकर्ताओं को तालमेल बिठाकर चलना होगा। सप्तम, अखिलेश यादव का यह कहना कि गाजियाबाद यानी पश्चिम उत्तरप्रदेश से चल रही हवा पूर्वी यूपी में गाजीपुर तक जाएगी और पूरे देश में बदलाव लाएगी। हमारा इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, काफी अहम है। उनका यह कहना कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। उनकी इन बातों से साफ संकेत मिलता है कि उनके द्वारा शुरू किया हुआ पीडीए अभियान अपनी जमीनी पकड़ बना चुका है, जिसका आत्मविश्वास उनके शब्दों से झलक रहा है। कांग्रेस को भी इसका फायदा मिलेगा। अष्टम, आगामी चुनाव में सीटों की संख्या को लेकर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए राहुल गांधी का यह कहना कि पहले उन्हें लगता था कि बीजेपी 180 सीट जीत जाएगी, लेकिन अब उन्हें लग रहा है कि बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। इससे साफ जाहिर है कि मीडिया रिपोर्ट के उलट भी उनका जमीनी तंत्र सक्रिय है और उन्हें लगातार फीडबैक मिल रहे हैं। तभी तो उन्होंने कहा कि ₹हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि हम अच्छा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है और हम अच्छा करेंगे।₹ नवम, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ कहा है कि गठबंधन तीन प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें पहला बेरोजगारी, दूसरा महंगाई और तीसरा भागीदारी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर बार परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है जिससे लाखों युवा आहत होते हैं। इसलिए, जब गठबंधन की सरकार आएगी तो वह युवाओं को रोजगार देगी। वहीं, प्रत्येक परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये देगी।

दृष्टि कोण

## हवाइयां उड़ातीं हवाई टिकट की कीमतें... फिलहाल एयर टिकट की कीमत में कमी के आसार नहीं

**भारत** की इंडिगो एयरलाइन 1.47 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी विमानन कंपनी बन गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, यात्रियों की संख्या के हिसाब से भारत के विमानन क्षेत्र में इंडिगो एयरलाइन की 60.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जबकि दूसरे स्थान पर एयर इंडिया है, जिसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत है। विगत छह महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले एक साल में इसके शेयरों ने निवेशकों को 102.55 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। पिछले महीने इसके शेयर ने निवेशकों को 18.25 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इस साल एक जनवरी से अब तक इसके शेयर ने निवेशकों को 27.78 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इंडिगो एयरलाइन ने दो फरवरी, 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही के नतीजे की घोषणा की थी, जिसके अनुसार इंडिगो का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 110.7 प्रतिशत बढ़कर 2,998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में इसने 1,422.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। इतना ही नहीं, दूसरी तिमाही में भी इंडिगो ने 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। विगत पांच वर्षों में पहली बार किसी भारतीय विमानन कंपनी ने किसी भी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा दर्ज किया है, क्योंकि दूसरी तिमाही विमानन उद्योग के लिए कमजोर मांग वाला सीजन माना जाता है। इंडिगो का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरलाइन बनना निश्चित रूप से हर्ष एवं गौरव का विषय हो सकता है। यह शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए भी खुशी की बात हो सकती है, क्योंकि इसके शेयर में निवेश करके निवेशकों ने काफी कमाई की है, लेकिन यह जरूरतमंद यात्रियों के लिए खुशी की बात कतई नहीं हो सकती है। मौज-मस्ती के लिए हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एयर टिकट की कीमत ज्यादा मायने नहीं रखती है, लेकिन किसी बीमार का इलाज के लिए सफर करने या नौकरी में योगदान देने, जरूरी मीटिंग में शामिल होने, आदि के लिए यात्रा करने वालों के लिए लगातार एयर टिकट की कीमत में इजाफा परेशानी का कारण बन गया है। यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के विश्लेषण से पता चला है कि एक से सात मार्च की तुलना में एक से सात अप्रैल की अवधि में कुछ



हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इस अवधि में दिल्ली से बंगलूरू के बीच के उड़ानों के लिए एक तरफ का किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि दिल्ली से श्रीनगर के हवाई किराये में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है, जो हर दिन 1,900 से ज्यादा फेरे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शहरों में लगाते हैं। वर्ष 2024 में 150 नए विमानों को घरेलू उड़ान हेतु बेड़े में जोड़ा गया है। फिर भी यह घरेलू मांगों को पूरा करने में असमर्थ है। घरेलू यात्रियों की संख्या में वर्ष दर वर्ष के आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 2023 में घरेलू यात्रियों की संख्या 15.2 करोड़ से अधिक हो गई है। विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में कई चुनौतियों से जूझ रहा है। घरेलू मार्गों पर भी बड़े विमानों का उपयोग हो रहा है। बावजूद इसके, मांग और आपूर्ति के बीच खाई बनी हुई है। इंडिगो को छोड़ दूसरी एयरलाइंस की उड़ानें गाहे-बगाहे रद्द होने और यात्री मांग में मजबूती के कारण हवाई किराये में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। गर्मियों में घरेलू उड़ानों में यात्रियों को टिकट के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। सभी एयरलाइंस के टिकटों की कीमत आसमान छू रही है। गर्मी की छुट्टियों में इसमें बढ़ोतरी का अंदेशा है। हालांकि, 18 से 24 महीने पहले भारत में एयर टिकट की कीमत काफी सस्ती थी। एयर टिकट की कीमत मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती है। वैसे, विमानन मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संसदीय स्थायी समिति ने भी छुट्टियों और त्योहारों के दौरान एयर टिकट की कीमत वृद्धि पर रोक लगाने पर जोर दिया है। बावजूद इसके, एयर टिकट की कीमत में कमी के आसार नहीं हैं, क्योंकि आज बड़ी संख्या में विमान जमीन पर खड़े हैं और परिचालनगत समस्याओं की वजह से विमानों का परिचालन भी रद्द हो रहा है।

कुछ अलग

## स्वास्थ्य पेय के नाम पर भ्रामक प्रचार

**यह** विडंबना है कि देश में नियामक कानून न होने की वजह से अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां बच्चों की सेहत बनाने के दावे के साथ मुनाफे का कारोबार करती रही हैं। जिसमें बोर्नविटा और इसी तरह के बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय पदार्थ भी शामिल रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को हाल ही में निर्देश दिया है कि बोर्नविटा और इसी तरह के पेय पदार्थों को स्वास्थ्य पेय श्रेणी से हटाया जाए। निश्चित रूप से इस कदम से ऐसे उत्पादों को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल हुई है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच के बाद सामने आया था कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्वास्थ्य पेय की कोई आधिकारिक परिभाषा नहीं थी। जिसका फायदा कारोबारी कंपनियां अपने उत्पादों को स्वास्थ्यवर्धक बताकर उठाती रही हैं। कैसी विडंबना है कि जिस उत्पाद को कंपनियां स्वास्थ्यवर्धक बताकर वर्षों तक अभिभावकों से मुनाफा कमाती रही, वही उत्पाद बच्चों के लिये स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी पेश करता रहा है। वहीं दूसरी ओर इसी महीने की शुरुआत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खुलासा किया था कि डेयरी, अनाज या माल्ट आधारित पेय पदार्थों को स्वास्थ्य या ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के रूप में लेबल नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्यवर्धक व ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के नाम पर बड़ा गोरखधंधा होता रहा है। साथ ही स्वास्थ्यवर्धक पेय के नाम पर अतिरिक्त कीमत वसूली जा रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की सार्थक पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तथा उपभोक्ताओं के दोहन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। निश्चित रूप से तंत्र की काहिली और निगरानी करने वाले विभागों की मिलीभगत से यह खेल दशकों से बदस्तूर जारी था। देर से ही सही, तंत्र ने उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिये पहल की और विश्वास किया जाना चाहिए कि अन्य मामलों में भी उपभोक्ता हितों को बढ़ावा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्यवर्धक बताकर बेचा जा रहा बोर्नविटा तब विवादों में घिर गया था जब इसके पोषण संबंधी दावों, खासकर इसमें मौजूद चीनी की मात्रा के बाबत सवाल पूछे गए थे। इस विवाद ने ही कालांतर ऐसे एनर्जी ड्रिंक्स की हकीकत का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत बतायी। सवाल उठे कि कैसे ऐसे उत्पादों की बिक्री और लेबलिंग की जा रही है। हालांकि, बोर्नविटा ने इस प्रतिक्रिया और विवाद के बाद अपने उत्पाद में चीनी की मात्रा को घटाया था। लेकिन भ्रामक आधार पर स्वास्थ्यवर्धक की लेबलिंग के मुद्दे ने पूरे उद्योग जगत को अपने निशाने पर ले लिया। उल्लेखनीय है कि बाजार में 'एनर्जी ड्रिंक' शब्द विशेष रूप से कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड दोनों तरह के स्वाद वाले पानी आधारित पेय पदार्थों को संदर्भित करता है। विडंबना यह है कि इन पेय पदार्थों को अकसर स्वास्थ्य पेय के नाम पर बाजार में उतारा जाता है और सामान्य पेय पदार्थों की तुलना में इनकी कीमत अधिक रखी जाती है। जबकि इन पेय पदार्थों में चीनी की अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिये गंभीर चुनौती पैदा करती है। खासकर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। जिसमें छोटी उम्र में मोटापा, मधुमेह और दांतों से जुड़े कई रोग पैदा हो सकते हैं। दरअसल, देश में इन उत्पादों को लेकर नियामक दिशानिर्देश के अभाव से इस समस्या को विस्तार मिला है।

देश दुनीया से

## चुनावों में चुनौती बन रहा चीन


ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो 'इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है', क्योंकि एआई से तेजी से मीम्स, वीडियो और ऑडियो सामग्रियां बन रही हैं। कंपनी ने जून, 2023 से चीन और उत्तर कोरिया में 'कुछ उल्लेखनीय साइबर रुझान देखे हैं, जो न केवल अपने परिचित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक जटिल प्रभावी तकनीकों का उपयोग करने का भी प्रयास करते हैं।'


**हाल** के वर्षों में, प्रौद्योगिकी और राजनीति का जुड़ाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संभावित हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपोयोग कर सकता है। यह लेख इस मुद्दे के बहुआयामी आयामों को रेखांकित करता है और तकनीकी, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक निहितार्थों की खोज करता है। ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो 'इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है', क्योंकि एआई से तेजी से मीम्स, वीडियो और ऑडियो सामग्रियां बन रही हैं। कंपनी ने जून, 2023 से चीन और उत्तर कोरिया में 'कुछ उल्लेखनीय साइबर रुझान देखे हैं, जो न केवल अपने परिचित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक जटिल प्रभावी तकनीकों का उपयोग करने का भी प्रयास करते हैं।' माइक्रोसॉफ्ट ने दावा किया है कि चीनी साइबर हमलावरों ने तीन लक्ष्य क्षेत्रों को चुना है- दक्षिण प्रशांत द्वीप समूह के देश, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में उसके क्षेत्रीय विरोधी और अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार। चीनी अभियान एआई-जेनरेटेड या एआई-समर्थित सामग्री को परिष्कृत करना जारी रखते हैं। इन अभियानों के पीछे के खिलाड़ियों ने एआई-जनरेटेड मीडिया को बढ़ाने की इच्छा दर्शाई है, जो उनके रणनीतिक आख्यानों को लाभ पहुंचाता है, साथ ही वे वीडियो, मीम्स और ऑडियो सामग्री भी बनाते हैं। चीन, मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। वह संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को भी अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है। उत्तर कोरिया ने अपने सैन्य लक्ष्यों और गुप्तचर जानकारी संग्रह को वित्तपोषित करने और आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्टोकरंसी लूट और आपूर्ति शृंखला को बाधित करने वाले हमलों को बढ़ा दिया है। इसने अपने कार्यों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए एआई का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने चीन द्वारा एआई का इस्तेमाल कर भारत, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में चुनावों को बाधित करने की आशंका से संबंधित जो चेतावनी जारी की है, वह चिंताजनक है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के अनुसार, चीन आगामी प्रमुख चुनावों में विशेष रूप से अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एआई द्वारा बनाई गई सामग्री का इस्तेमाल कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट एनालिसिस सेंटर (एमटीएसी) की रिपोर्ट इस आसन्न खतरे को रेखांकित करती है कि 'इस साल दुनिया भर में होने वाले प्रमुख चुनावों को देखते हुए, खासकर भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई जनरेटेड सामग्री बनाएगा और उसका प्रचार करेगा।' माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान चीन के कथित ट्रायल रन की खबरों के बाद आई है, जहां उसने जनवरी में एआई द्वारा बनाई सामग्री के जरिये दुष्प्रचार का प्रयास किया था। रिपोर्ट में स्टॉर्म 1376 नामक एक बीजिंग समर्थित समूह का उल्लेख है, जिसे स्पैमोफ्लाज या ड्रैगनब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, जो ताइवानी चुनाव के दौरान अत्यधिक सक्रिय था। यह राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के मामले का अध्ययन करता है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तकनीकी हस्तक्षेप की क्षमता को रेखांकित करता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाई गई सामग्री जनमत को प्रभावित करने के लिए संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों और मनोवैज्ञानिक कमजोरियों का फायदा उठा सकती है। माइक्रो टार्गेटिंग और भावनात्मक संदेश जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर, एआई एल्गोरिदम इको चैंबर्स बना सकता है, जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करता है और समाज को ध्रुवीकृत करता है।



आप का नजरीया

## बदला सियासी डीएनए

**हिमाचल** में लोकसभा चुनाव से कहीं अधिक चिराग उपचुनावों में जल रहे हैं। नई रोशनी के समाधान में कांग्रेस की रणनीति सिद्धहस्त होने का जरिया खोजती-खोजती जहां पहुंच रही है, वहां भाजपा भी शह और मात के खेल में कई रहस्यों के साथ खड़ी है। जाहिर तौर पर लोकसभा चुनावों में विधायकों की भूमिका में चुनाव की उम्मीदवारी मंडी से शिमला तक कांग्रेस के पैमानों में ताजगी भर चुकी है और अगर यही आजमाइश कांगड़ा में भी विधायक को उतार दे, तो भाजपा के सामने अगली पारी की बारी मुश्किल परीक्षा पैदा कर सकती है। हिमाचल में राज्यसभा सांसद के चुनाव ने राजनीति का डीएनए बदला है। जो पहाड़ में पहले असंभव था, अब होने लगा है, यानी कांग्रेस की अवतार रही पिछली जीत अगर छिटक कर विरोधी पक्ष के घोंसले में फिर से सपने बुन रही है, तो यह हर हालत में नई आजमाइश है। जाहिर है बागी विधायकों ने खुद की स्वीकार्यता में संपूर्ण राजनीति का रक्त बदला है। भाजपा की नसों में पूर्व में रहे कांग्रेस के छह विधायकों के रक्त का मिलन जौहर दिखाता है या समाज का असमंजस बढ़ाता है, लेकिन जिस तरह का घटनाक्रम हिमाचल में घटित हुआ है, उससे भाजपा ने नित नया डीएनए खुद पर सवार कर लिया है। इसके परिणाम कितने सुखद और कितने आश्चर्यजनक होते हैं, इसका अंदाजा लगाना किसी भी पार्टी के लिए फिलहाल मुश्किल है। यह ऐसा प्रयोग है जहां पृष्ठभूमि के अंगार अग्रिम भूमिका में हैं। कांग्रेस का विरोध कर कांग्रेस से दरकिनार हुए छह पूर्व विधायकों को अब अपनी पगड़ी पर चढ़ा भगवा रंग बचाना है, तो पृष्ठभूमि से खींचकर किरदार बचाना है। अचानक दो परिदृश्य भाजपा के परिप्रेक्ष्य में जिलों के कद्दावर नेताओं की बेचैनी बढ़ाते हैं। मसलन हमीरपुर में भाजपा के बड़े नेता का कद देखते हुए सियासत अपना डीएनए जांच रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक विध्वंस हुए हैं, इसलिए चरित्र बनाम चरित्र का अधिकतम प्रयोग यहीं हुआ है। कल इबारतें अगर बदलती हैं, तो भाजपा का पदानुक्रम यानी हाइअराकि भी नए सिरे से लिखी जाएगी। कांगड़ा में भी सुधीर शर्मा की पेशकश में महज एक उपचुनाव की समीक्षा नहीं होगी, बल्कि भाजपा की अनुशंसा में कई नकाब भी बदलेंगे। जो चरित्र कांग्रेस से निकलकर भाजपा में घर कर रहा है, उससे पारंपरिक पार्टी कितने प्रतिशत रहेगी, यह साबित करने की चुनौती है। जो भी हो, कांग्रेस से भाजपा में आकर बने प्रत्याशियों ने मूल पार्टी के ढांचे में कुछ रिक्तता अवश्य पैदा की, लेकिन हिमाचल के समाज के सामने वे भी निरपराध नहीं हैं। क्या पार्टियों के पीछे भागती जनता ही नेताओं के पीछे भाग रही है या नेताओं के कारण नागरिक समाज पार्टियों को अहमियत दे रहा है। पिछले कुछ समय से नेताओं ने अपने वजूद की खातिर अलग से दरबार सजाकर नित नए प्रयोग किए हैं। प्रदेश में राजेंद्र राणा, होशियार सिंह व प्रकाश राणा का उदय उनकी अपनी हस्ती से तराशा हुआ प्रतिफल था। ये पहले नेता बने, फिर पार्टियों ने आजमाया। इन्हीं उदाहरणों से कई नेताओं ने एनजीओ की तरह अपनी राजनीतिक दुकानदारी शुरू की है और ये सफल भी हो रहे हैं। भाजपा ने गैर परंपरागत परिपाटी शुरू करते हुए हिमाचल के नक्शे पर उपचुनावों की परिस्थिति में जो अपनाया वह असाधारण है, लेकिन जो गंवाया वह भी साधारण नहीं है।

# चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का नामांकन आज

➲जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट मैदान में नामांकन के बाद होगी भाजपा की विशाल जनसभा

➲पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाऊरी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू सहित कई दिग्गज नेताओं का होगा जुटान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह 26 अप्रैल को अपना नामांकन करेंगे। नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नामांकन को लेकर पूरे संसदीय क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। नामांकन को लेकर चतरा जिला के सभी 18 मंडल के अध्यक्षों सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता नामांकन में शामिल होंगे। इस मौके पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाऊरी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू सहित कई अन्य गण्यमान्य लोग भी शामिल होंगे। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए इस बार स्थानीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में है और घर के बेटा को संसदीय क्षेत्र की सभी जनता का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ने काफी लंबे अरसे के बाद किसी स्थानीय प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया है जिससे कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम मतदाताओं में काफी उत्साह अधिक है ।जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट मैदान में नामांकन के बाद भाजपा का विशाल जनसभा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चतरा लोकसभा प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, मिथिलेश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन साह, पंकज साह सहित भाजपा नेताओं ने मंच की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। इस मौके पर सुरक्षा के साथ-साथ कार्यक्रम में शामिल होने वाले कार्यकर्ता एवं आम लोगों के लिए पेयजल की सुविधा सहित अन्य व्यवस्था भी भाजपा के द्वारा किया गया है।

## बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ़ में नियमित बिजली नहीं मिलने से ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ गर्मी से लोग अस्त व्यस्त हैं, पारा चढ़ा 40 डीग्री के पार, तो दुसरी तरफ बिजली विभाग के लचर व्यवस्था से लोग परेशान हैं। बारेसांड़ के लोगों को सप्ताह दिनों से बिजली 24 घंटे में नियमित रूप से 8 घंटे भी नहीं मिल पा रही है। बिजली 12 बजे रात में आती है और सुबह 6 बजे चली जाती है और 8 बजे से गर्मी का कहर शुरू हो जाता है बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों का पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है।

## कांग्रेस के सभी पद से सत्येंद्र ने दिया इस्तीफा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के जिला महासचिव के साथ-साथ राज्यसभा सांसद सदस्य प्रतिनिधि के पद से सत्येंद्र कुमार दांगी ने इस्तीफा दे दिया। सत्येंद्र के इस्तीफा देने से जिला कांग्रेस को काफी झटका लगा है। बताया जाता है कि सत्येंद्र कुमार दांगी 2005 से लगातार कांग्रेस में रहकर एक सच्चे सिपाही के रूप में पार्टी के लिए कार्य करते आ रहे थे। परंतु लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस पार्टी द्वारा स्थानीय उम्मीदवार नहीं दिए जाने से काफी हुए क्षुब्द थे। यही वजह है कि कांग्रेस के सभी पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग पर कांग्रेस ने कभी विचार नहीं किया। ऐसा लगता है कि वर्तमान एवं भविष्य में कांग्रेस के द्वारा स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं को कभी भी प्रत्याशी नहीं बनाया जायेगा। वैसे में इस पार्टी में रहने का कोई औचित्य नहीं है। अपनी इस्तीफा की जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष के साथ-साथ प्रदेश के अन्य नेताओं को दे दी गई है। सत्येंद्र कुमार दांगी ने बताया कि जल्द ही अपने दल बल व 50 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल होंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल से काफी प्रभावित हूं। समर्पित भाव से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में कार्य करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह का नॉमिनेशन होगा ऐतिहासिक : भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता ढोल नगाड़े व घोड़ नाच के साथ बाबा घाट चतरा पहुंचेंगे। जहां रा. सम्पोषित उच्च विद्यालय टंडवा के समीप बगीचे में पूर्वाह्न 9.30 बजे होगा टंडवा मध्य व दक्षिणी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का एक ओर महजूटान, दूसरी ओर उच्च विद्यालय मिश्रौल के बगल में 9.30 बजे में ही होगा टंडवा उतरी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व समर्थकों का महाजूटान। 10 बजे घोड़नाच के साथ पूरी काफीला मिश्रौल से चतरा के लिए होगा रवाना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास समेत कई बड़े नेता करेंगे शिरकत।चतरा बाईपास के बाबा घाट में करेंगे आम सभा, पूरे लोकसभा से जुटेंगे बहुत बड़ी संख्या में नेता, कार्यकर्ता व समर्थक।

## पीएम मोदी के मंगल सूत्र के भाषण पर कांग्रेस के युवा नेता ने किया पलटवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** चुनावी रैली मे मोदी जी की भाषण मे मंगलसूत्र और सोना बिकवा देने की बात पर कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पलट वार किया है। लाल आशीष नाथ ने कहा की कांग्रेस के कार्यकाल मे कोई माता बहने की मंगलसूत्र और न सोना विकवाया गया। और नहीं छीनने का काम किया गया। कब मंगल सूत्र बिकवाया गया। आइए आपको बताते हैं. मंगल सूत्र और सोना नोटबंदी के समय बिकवाया गया। लॉक डाउन मे छीनने के साथ बेचवाने का काम किया.ऑक्सीजन व्यवस्था करवाने मे, बेरोजगारी से जूझने मे, महंगाई की मार से सामना करने मे और बच्चों को पढ़ाने मे, माँ पिता के इलाज कराने मे बिकवाए गए। जिनके राज मे मंगलसूत्र और सोना बिके ओ दुसरो को यह कहकर आरोप लगा रहे हैं की दूसरो को लाओगे तो मंगलसूत्र बिक जायेंगे। प्रहलाद मोदी का व्यान याद है घर मे माँ और बीवी के गहने लेकरकर भागे थे। वैसे मंगल सूत्र लेकर भागने वाले ही मंगल सूत्र बेचने का बात करेते है। उक्त बातें कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है।

# चतरा सदर प्रखण्ड के डाढ़ा पंचायत ग्राम सेहदा बिरहोर टोला में संध्या चौपाल का आयोजन

### बिरहोर परिवार के मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छः छात्र/छात्राओं से मिल किया उत्साहवर्धन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा सदर प्रखण्ड के डाढ़ा पंचायत ग्राम सेहदा बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने शामिल होकर बिरहोर मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाया। साथ ही उनके मत के अधिकार की विस्तृत जानकारी उनके बीच साझा किया। उन्होने कहा इस बार दिन भर मतदान 20 मई 2024 को सुबह 07:00 बजे से साम 05:00 बजे तक आप निर्भय, भयमुक्त होकर अपना मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबुत बनाएं। उन्होने वृद्ध मतदाताओं के साथ सेल्फी खिचाया। वहीं बिरहोर परिवार के 06 बच्चे जिन्होने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की है, प्रितम बिरहोर, ललन बिरहोर, प्रेमी कुमारी, रीना कुमारी, आकाश कुमार, सुभाष बिरहोर से भी मिल उनका उत्साहवर्धन किया और उनके लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होने कहा अगर आपके पठन-पाठन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो अविलम्ब मिले आपके पठन-पाठन के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। आगे उन्होने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन कीट का भी वितरण किया। साथ ही मौके पर उपस्थित बिरहोर परिवारो के समस्याओं से रूबरू हुए। उक्त कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## मिलने गए प्रेमी को पकड़कर कराया शादी

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चन्द्रीगोविंदपुर पंचायत अन्तर्गत सलेमपुर के ग्रामिणो ने मंगलवार को प्रेमी युगल की शादी करा दिया है। प्रेमी सुरज कुमार पिता सुरेन्द्र भारती रामपुर पंचायत के परहियाडीह गांव का रहने वाला था वह सोमवार की रात्री में अपनी विवाहिता प्रेमिका से मिलने चन्द्रीगोविंदपुर सलफिरा गांव ससुराल में गया था जिसके बाद प्रेमिका के ससुराल वालो ने दोनो को मिलते पकड़ लिया था मंगलवार की सुबह ससुराल व दर्जनो ग्रामिणो ने विवाहिता प्रेमिका को सिन्दुर दिलाकर दुसरी शादी करा दिया गया।प्रेमी-युगल की शादी की सूचना प्रतापपुर पुलिस को दिया गया है ग्रामिणो ने बताया की विवाहिता प्रेमिका संजु देवी के पति करमु भारती देहरादुन में मजदुरी का काम करता था इधर प्रेमिका अपने प्रेमी को ससुराल में बुलाकर मिलती थी जब ग्रामिणो ने दोनो के साथ पकडा़ तो प्रेमी युगल ने स्वीकार कर लिया है इधर प्रेमिका ने बतायी की मेरा मईके परहियाडीह गांव में है दो वर्ष पहले मईके आई थी तो सुरज से प्यार हो गया था तब से हमेशा बात-चीत होते रहता था मालूम हो की प्रेमिका संजु देवी की शादी छ- वर्ष पहले चन्द्रीगोविंदपुर सलेमपुर गांव में करमु भारती के साथ हुआ था।

## सदर अस्पताल के प्रांगण से प्रभात फेरी निकाली गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल के प्रांगण से प्रभात फेरी रैली निकाली गई। कार्यक्रम को जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो एवं जिला कौशल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षिका द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो ने रैली को रवाना करने से पहले कहा कि जिले में अत्यधिक मलेरिया के रोगी पाये जाते थे पर समय - समय पर गांव में मलेरिया टीम के द्वारा लोगों का सैम्पल लिया गया और उन्हें दवा खिलाया गया साथ ही साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। जिससे आज जिले में मलेरिया के रोगियों की संख्या नहीं के बराबर हो गया है फिर भी हमें इसे लेकर सचेत रहने की अवश्यकता आज भी है। प्रभात फेरी रैली में कौशल विकास नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में एएनएम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बच्चियों ने अपने अपने हाथों में मलेरिया से बचाव को लेकर तख्तियां पकड़े हुये नारे लगा रही थी एक ही संकल्प हमारा मलेरिया मुक्त होगा जिला हमारा मलेरिया तभी दूर होगा जब घर के आसपास में सफाई होगा बच्चियों के द्वारा आसपास के लोगों को मलेरिया बचाव ही सुरक्षा है लिखा हुआ पम्पलेट का वितरण भी किया गया है। वहीं लोगों से अपील किया गया कि मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें, अपने आसपास में सफाई अवश्य रखें एवं पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े ही पहने, पानी के बर्तन को ढक कर रखें, बुखार होने पर तुरंत ही नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जांच करायें, यदि मलेरिया की पुष्टि हो जाता है तो चिकित्सक के सलाह अनुसार दवा लें ताजा और सादा भोजन करें साथ ही तरल पदार्थों का सेवन अधिक करें। प्रभात फेरी रैली का मुख्य उद्देश्य था मलेरिया से बचाव के लिये लोगों में जागरुकता फैलाना ताकि मलेरिया से अधिक लोगों का बचाव हो सके। विश्व मलेरिया प्रभात फेरी सिविल सर्जन कार्यालय से प्रारंभ किया गया था जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुये थाना चौक पहुंचा एवं पुनः वापस सदर अस्पताल के प्रांगण में समाप्त हो गया। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो, जिला मलेरिया सलाहकार सुनील सिंह, सीएचसी लातेहार मलेरिया सुपरवाइजर अजय भारती, एमपीडब्ल्यू सर्वे श्री पांडेय, एमपीडब्ल्यू पंकज कुमार, कंप्यूटर अपरेटर सुधीर उपाध्याय, वाहन चालक रिंकू मौजूद थे।

## टैंपो पलटने से महिला की मौत, 10 घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के आजादनगर सूदना में गुरुवार की दोपहर 3-30 बजे दो टेंपो की टक्कर में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें टेंपो पर सवार 11 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी व्यक्ति एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान पंचम तिवारी, परवेज खान घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम छापर गांव निवासी अर्जुन सिंह की पत्नी राजधानी देवी उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई। वहीं, घायलों में कविता देवी उम्र 40,अर्जुन सिंह 42,मनीषा कुमारी ,11,लक्ष्मी कुमारी 6,ममता कुमारी 15,सुजीत कुमार उम्र14 वर्ष सहित अन्य चार व्यक्ति का नाम शामिल है।सभी घायलों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बारे में घायल अर्जुन सिंह ने बताया कि गुरुवार को परिवार के सभी सदस्य टेंपो पर सवार होकर छतरपुर थाना क्षेत्र के लर्मी गांव से अपने घर पांकी जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में आजाद नगर सुदना में उनकी टेंपो की टक्कर दूसरे टेपों से हो गई। जिसमें सभी व्यक्ति घायल हो गए हैं और एक की मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद पुलिस दोनों टैम्पो को जब्त कर उसे शहर थाना को सौंप दिया है।

## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह आज भरेंगे नामांकन पत्र



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को यानी आज चतरा में भरेंगे नामांकन-पत्र। वहीं गुरुवार को प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व विधायक सह मनिका विधानसभा संयोजक हरिकृष्ण सिंह ने मनिका विधानसभा में जनसंपर्क अभियान चला कर नामांकन में चलने का आग्रह किया है। मौके पर चतरा लोकसभा संयोजक राजधानी प्रसाद यादव, जिला महामंत्री सह मनिका विधानसभा सह संयोजक बंशी यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला कार्य समिति सदस्य सह पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद व कौशल किशोर प्रसाद, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार गुप्ता, सतेंद्र यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# गुरुकुल स्कूल के बच्चे देश के अनुशासित व ईमानदार नागरिक बनें : सूबेदार तारिणी सेन नायक

### बच्चों को अनुशासित रहकर ईमानदारी से अध्ययन करने की दिलाई गई शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** गुरुकुल स्कूल के बच्चे अनुशासन में रहकर देश के सच्चे व ईमानदार नागरिक बनें। उक्त आह्वान एनसीसी 144 बटालियन के सूबेदार तारिणी सेन नायक ने कही। वे गुरुवार को पाटन मोड कजरी स्थित गुरुकुल विद्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सूबेदार सेन नायक ने कहा कि बच्चे ईमानदार व अनुशासित रहेंगे तो हर एक क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। मौके पर सूबेदार बिरसा उरांव ने कहा कि बच्चे पौधे की भांति होते हैं। उन्हें संवारने की जरूरत है। शिक्षक बच्चों को संवारने व उनका भविष्य बनाने का काम करते हैं। बच्चों को देश का सच्चा नागरिक बनाने में शिक्षकों का अहम रोल है। हवलदार स्वर्णजीत सिंह ने कहा कि बच्चे को देश प्रेमी बनाना जरूरी है। कार्यक्रम के पूर्व गुरुकुल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कहा कि एनसीसी 144 बटालियन के रूप में सेना के अधिकारी गलवान घाटी की लड़ाई में चीनी सेना से दो-दो हाथ किया था। वे सेना के अधिकारी हम सबके बीच में मौजूद हैं। इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इसके पूर्व ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुज सिंह, प्राचार्य कृष्णा पाठक व सह प्राचार्य सहेंद्र साव ने अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया। मौके पर एनसीसी के ऑफिसर अंकित, सुशांत त्रिपाठी, सार्जेंट वंदना, सार्जेंट सौरभ, कैडेट्स गुड़िया रानी व अंशिका ने बच्चों को वीरता व साहस की कई कहानियां सुनाई। इन्होंने गुरुकुल के बच्चे को अनुशासित ढंग से रहकर ईमानदारी से अध्ययन करने व विद्यालय का जिला से लेकर देश में नाम रोशन करने की शपथ दिलाई। कहा कि एनसीसी से जुड़कर बच्चे देश का बेहतर ढंग से सेवा कर सकते हैं। अपने वाकपटुता से स्कूल की शिक्षिका अभिलाषा मिश्रा ने कार्यक्रम का बेहतर ढंग से संचालन किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद नेहा शुक्ला, संध्या मिश्रा, विजयालक्ष्मी, मिस अनु, प्रीति, अनुश्री, रजनी, पवन, साकेत, रूपेश, सतीश,

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## विष्णुगढ़ में हर घर नल-जल योजना का बुरा हाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर, नल जल योजना इन दिनों खाय पकाय योजना बन कर रह गई है।प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर इस योजना में भारी अनियमितता बरती गई है।प्रखंड के बक्सपुरा और बराय पंचायत में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।कही तो जलमीनार जैसे तैसे खड़ा अधूरा छोड़ दिया है,कई पंचायत में तो बिना बोरिंग किए तो कहीं बोरिंग करने पर बिना पानी निकले जलमीनार खड़ा कर दिया गया है। प्रखंड के विष्णुगढ़, बेड़ाहरियारा, सारू कुदर, मड़मो ,करगालों, अचलजामो,जोबर, खरकी समेत गांवों में इन दिनों योजना के तहत निर्माण कार्य में पाइप व नल निम्न गुणवता वाले लगाए गए हैं। कई जगहों पर नल टूट गई है,तो कई जगहों पर स्ट्रक्चर में दरार आ गई है।बीते महीनो पहले विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम टंडा में लगे जलमीनार में हल्की सी आंधी तूफान से उड़े सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गया था।प्रखंड क्षेत्र में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकार की राशि बंदर बाट की गई है। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है इस भीषण गर्मी से क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत होने से ग्रामीण जनता इस गर्मी में पानी की बगैर इधर-उधर भटक रही है।यदि कार्य में प्रगति और सुधार नही किया गया तो ग्रामीणों के द्वारा जबरदस्त आंदोलन किया जाएगा जिसका सारा जबाब देही विभाग को होगी।

## गौवंशीय पशु तस्करी के खिलाफ कारवाई जारी : डीएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गुरुवार को बरही डीएसपी सुरजीत कुमार ने प्रेस वार्ता किया, मौके पर उन्होंने गोवंशीय पशु की अवैध तस्करों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार अब गौ तस्करों का खैर नहीं है। जो भी गौवंशीय पशु के अवैध धंधों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त है, पुलिस की हाथ उस तक पहुंचेगी। इन अवैध धंधेबाजो पर लगातार कार्रवाई चलेगी। उन्होंने जानकारी दिया कि बीते बुधवार रात्रि को गस्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि पिकअप गाड़ी नंबर जेएच 10 बीए 2498 पर अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक एवं क्षमता से अधिक लोड कर जीटी रोड होते हुए बरही के तरफ से बंगाल ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए रात्रि गश्ती पुलिस आरक्षी निरीक्षक राजदेव प्रसाद सिंह के द्वारा ग्राम कोषमा महावीर मोड जीटी रोड के पास बरही के तरफ से आने वाली गाड़ियों का चेकिंग प्रारंभ किया गया। चेकिंग के दौरान करीब 3ः00 बजे रात्रि में उक्त पिकअप वाहन को चेकिंग स्थल पर रोका गया।



पुलिस बल को देखकर गाड़ी चालक एवं उसमें बैठे एक व्यक्ति गाड़ी खड़ा करके भागने का प्रयास किया, परंतु गश्ती दल में शामिल आरक्षियों के मदद से इन लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए पिकअप गाड़ी का विधिवत तलाशी ली गई। जिसमें काला रंग का गाय 04, गोल रंग का गाय 01, गाय का बछड़ा 01, कुल 6 मवेशियों को क्रूरता पूर्वक एवं क्षमता से अधिक लोडकर ले जाते हुए पाया गया है। पकड़ाये चालक द्वारा बताया गया कि उक्त मवेशियों को तिलैया कोडरमा से लोडकर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। इस संबंध में बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 77/24 दर्ज किया गया। वहीं पकड़ाए चालक एवं व्यापारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त धनबाद पांडेयडीह हरना निवासी रूपलाल यादव के 31 वर्षीय पुत्र पिकअप वाहन चालक राजकुमार यादव, व्यापारी जिला पटना के दक्षिणी चक, वर्तमान पता धनबाद के पलटन टांड़ निवासी रामानुज राय के 24 वर्षीय पुत्र बैकुंठ कुमार है। वहीं डीएसपी ने बताया कि विगत एक सप्ताह के अंदर बरही अनुमंडल अंतर्गत अवैध रूप से गोवंशीय पशु की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निम्नांकित कांड दर्ज किया गया है। जिसमें बरही थाना में 21. 04 .2024 को ट्रक संख्या यूपी 75 एम 9007 में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ 32 काड़ा, बरकट्ठा थाना में 23.04.2024 को घंघरी से गाय 131, भैंस 40, गाय का बच्चा 69 एवं भैंस का बच्चा 22 व चौपारण थाना में 24.04.2024 को पिकअप वाहन संख्या जेएच 01 डीडी 0406 में 02 व्यक्ति की गिरफ्तारी सहित भैंस 04, गाय01,भैंस का बच्चा01 व बरकट्ठा थाना में दिनांक 25.04.24 को पिकअप वाहन जेएच 10 बीए 2498 में दो व्यक्ति को गिरफ्तारी के साथ गाय 05, गाय का बछड़ा 01 है शामिल है।

## गर्मी की चपेट में पेयजल की संकट



**बड़कागांव :** बड़कागांव में भीषण गर्मी पड़ रही है हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता रहता है। गर्मी के कारण लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण कई होटलों में भी पानी की समस्या देखी जा रही है। कई होटल में तो बिना कुछ खाए पानी तक नहीं देते हैं। इसमें गरीब तपके के राहगीर को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बड़कागांव टैक्सी स्टैंड, बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा, बस स्टैंड, टँडवा रोड दैनिक बाजार के पास प्याउ सेंटर की नितांत आवश्यकता है। प्रशासन को इस और विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मामले को लेकर बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द प्याऊ सेंटर खुलवाने का प्रयास किया जाएगा ।

## विश्व मलेरिया दिवस जागरूकता एवं क्विज कंपटीशन का हुआ आयोजन



**चुरचू ।** आरजीएस +2 हाई स्कूल चुरचू में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया स्कूल में पढ़ रहे अध्यनरत बच्चों को मलेरिया तकनीकी प्रवेछक रूपलाल कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम किया मलेरिया के साथ साथ अन्य वाहक जनित रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया कार्यक्रम के अन्तरगत मच्छर से होने वाले बीमारियों के रोकथाम बचाव का तरीका बीमारी के लक्षण के बारे में बताया कुमार ने लोगों से अपील करते हुवे कहा कि मच्छर से मलेरिया,फाइलेरिया, डेंगू,चिकनगुनिया, जी ई, जैसे बीमारी होते है जिसने से मलेरिया का ही सम्पूर्ण इलाज हो पाता है बाकी चार बिमारयों का सही तरह से इलाज उपलब्ध नहीं है इनसे बचाव ही उपाय है। आस पास जल जमाव नही होने दे, जब भी सोए मच्छरदानी के अंदर ही सोएं, साम में खिड़की दरवाजा बंद कर रखे मच्छर को भागने के लिये करंज नीम तुलसी लिपटाश के पत्तों और गोबर का गोइथा का धुवां करे, ये काफी कारगर है।विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम वा क्विज कंपटीशन कराया गया जिसमें क्लास नेहा कुमारी प्रथम असलम अंसारी द्वितीय एवं शिवानी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त कि। कार्यक्रम में शशि सर,किशोर सर,आलम सर, कंचन मैडम,प्रीति मैडम , सोनमती मैडम मणि हेमब्रॉम मैडम,प्रिया रुंडा मैडम, साक्षी रुंडा मैडम, श्वेता बारला मैडम ,अल्फा ज्योति मैडम, एनी मैडम, प्रियंका मैडम, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## हजारीबाग लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से मिलेगा नामांकन प्रपत्र, नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नामांकन पत्र आज यानी 26 अप्रैल से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से अभ्यर्थी (27 एवं 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा अंतिम तिथि 3 मई तक प्रपत्र भरकर निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है। वहीं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित अधिकतम पांच लोगों को ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी। निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम तीन वाहनों के प्रवेश की अनुमति होगी। आमजनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे तथा पैदल प्रवेश करेगें। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थी अपना नामांकन प्रपत्र भर सकते है जिसकी समयावधि 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक होगी।

## आपकी आवाज बनकर चढ़नी है संसद की सीढ़ी : शशिभूषण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शशिभूषण केशरी ने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत पदमा प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर किया।इसी क्रम में पदमा गेट के पास सूरजपुर के युवा इनका भव्य स्वागत करते हुए इनके जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री केशरी ने लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना और कहा कि आज के नेताओ ने तो राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है । सच्चे अर्थों में राजनीति सेवाभाव का नाम है लेकिन आज के नेता राजनीति के नाम पर लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं । हमारे हिन्दू परिवारों के बीच जात-पात के नाम पर, धर्म के नाम पर, बेरोजगारी के नाम पर, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के नाम पर गंदी और ओछी राजनीति कर रहे है।ऐसी राजनीति करने वाले लोगों के खिलाफ मेरी लड़ाई है । श्री केशरी ने कहा कि मुझे एक ऐसा समाज सेवक बनना है जहाँ हमारी माताये,बहन- बेटियां सभी सुरक्षित रह सके । हर युवा के हाथ में काम हो। हमारे युवा रोजगार के लिए अपने क्षेत्रों से पलायन ना करें । समाज एवं राष्ट्र का बेटा होने के नाते इस लड़ाई के लिए मुझे आपका साथ और आशीर्वाद चाहिए । चुनाव चिह्न मिलने के बाद सभा करने की बात करते हुए श्री केशरी ने कहा कि मुझे आप सबो की आवाज बनकर संसद की सीढ़ीया चढ़नी है।

## चमगढ़ा पुल के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त

**बड़कागांव :** गुरुवार सुबह 6:00 बजे बड़कागांव अंतर्गत चमगढ़ा पुल के पास हाई स्पीड में आ रही बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके कारण बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विष्णु कुमार टंडवा प्रखंड का रहने वाला बताया जाता है। इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। घायल विष्णु शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपना ससुराल राजधनवार जा रहा था। बताते चले की उक्त पुल के पास दर्जन भर से अधिक बार मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। जिसमें पुल के नीचे गिर जाने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। चालकों को इस सड़क पर नियंत्रण में वाहन चलाने की आवश्यकता है ताकि अपने आप को दुर्घटना से बचाया जा सके।

## मनीष जायसवाल का हजारीबाग में जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा के विभिन्न भाजपा मंडलों के तूफानी दौरे पर है। गुरुवार को उन्होंने रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन पंचायतों के करीब तीन दर्जन गांवों का 42- 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में सघन दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और जन संवाद किया।पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों तक मनीष जायसवाल ने अपनी पहुंच बनाई और ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का दिल जीता। पतरातू प्रखंड क्षेत्र में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरुआत सुबह ग्राम पंचायत तालाटांड़ से की और समापन देर शाम को लबगा पंचायत के ग्राम रसदा में जनसंवाद के साथ किया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने तालाटांड़, पतरातु डैम, उचरिंगा, गरेवाटांड़, कटिया बस्ती, मंडाटांड़, कुरबीज, बटुका, पालू, पारगढ़ा, डाड़ीडीह, किरिगढ़ा, सांकुल, बरवाटोला, पतरातु, जयनगर, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, शाह कॉलोनी, पंच मंदिर, हनुमान गढ़ी, न्यू मार्केट, बिरसा मार्केट और रसदा सहित अन्य गांवों में लोगों से संवाद किया। पतरातु के रसदा में वारिश खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के युवकों ने उनका स्वागत किया और आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया।मौके पर पतरातु के आजसू प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, सोशल मीडिया प्रभारी रामगढ़ संतोष कुमार शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष किशोर महतो, मंडल महामंत्री पंकज सिंह, पंकज गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर, बसंत कुमार, आजसू नेता रवि कुमार, राकेश कुमार विश्वकर्मा, मनोज राम, सुधीर कुमार, मुकेश साहू, शिव शरण साव, रंजन चौधरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें ।

## आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल ने मनाया 10 वाँ स्थापना दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** आदर्श डीएवी पब्लिक,विष्णुगढ़ आज अपना 10 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। विगत दस वर्षो पूर्व इस विद्यालय की स्थापना की गई थी,उस समय एक छोटे से बिल्डिंग से इसकी शुरुआत की गई थी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों इकबाल खान राणा,सागर कुमार,अरुण कुमार यादव,कैलाश राम,कृष्णा राणा, प्राचार्य दिग्विजय राणा के अथक प्रयास एवं कुशल व्यवहार की बदौलत आज आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल विष्णुगढ़ के सर्वोत्तम स्कूलों में गिना जाता है। स्थापना दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने स्वागत गान की सुंदर प्रस्तुति के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका उपासना कुमारी ने किया। स्थापना दिवस के सुअवसर पर विद्यालय के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों ने जिसमे राजेश कुमार,रवि पांडे,प्रतिमा देवी तथा गुणधार देवी ने संयुक्त रूप से केक काटा।इस अवसर पर सत्र 2023-2024 में शीर्ष अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं में 89 स्टार बैच,11 सिल्वर और 27 गोल्डेन बैच वितरित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने विद्यालय के दस वर्षो के अनुभव साझा करते हुए कहा कि,विद्यालय के विगत दस वर्षो के सफर में काफी उतार चढ़ाव का सामना किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कड़ी मेहनत और सेवा भावना के तहत कार्य कर विद्यालय को शिखर पर पहुचाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीँ विद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय को ऊंचाइयों पर ले जाने में चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों राजेश कुमार,रवि कुमार पाण्डेय,प्रतिमा देवी,गुणाधर देवी ने विद्यालय की साफ सफाई एवं बच्चो की देखरेख में अहम भूमिका निभाई है।शिक्षक-शिक्षिकाओं ने त्यागपूर्ण एवं सेवाभावना के तहत कार्य कर विद्यालय को शिखर पर पहुँचाने में अहम योगदान रहा है। कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन के पूर्व इकबाल खान राणा ने फरवरी और मार्च महीने की उत्कृष्ट शिक्षिका कक्षा-6 ज्योति टोप्पो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उप-प्राचार्य राहुल कुमार उपाध्याय, अजित मिश्रा, अनिल कुमार, ब्रह्मदेव कुमार मंडल, सैफउल्लाह अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, रवि कुमार, प्रिंस कुमार, कुमारी रीता, नीलम कुमारी, प्रतिभा अंसारी, महजबीन आरा, नाजमीन आरा, उपासना कुमारी, रेणु देवी, सुमन कुमारी, प्रीति कुमारी, अर्चना कुमारी, ज्योति टोप्पो, हेमलता कुमारी,महजबीं नाज, स्वाति कुमारी, खुश्बू कुमारी, यशोदा कुमारी, मिनी देवी, अनामिका सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रा समेत अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा 1 मई को करेंगे नामांकन दाखिल



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा (बब्लू कुशवाहा) 1 मई को झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए झारखंड पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के नामांकन कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों सहित हजारों की तादाद में पुरे लोकसभा क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के निवास स्थान तिलैया - झुमरा से मेरू, अमृत नगर, कोर्रा होते हुए मटवारी के गांधी मैदान में सभी एक जगह जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। बताया कि उनके नामांकन कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

## हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का तूफानी जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल प्रखंड गोला के नेमरा, उपरबरगा बाजार टांड, बलरंगा बाजार टांड, सरगडीह गांव, डिमरा चौक दुर्गा मंदिर, नवाडीह, चौकड़बेड़ा, कोराम्बे, मोहनबेड़ा, पुरबडीह, रायपुरा, बारघुद्ध मे किया जनसंपर्क अभियान। अपने दौरे की शुरुआत प्रातः सुबह गोला प्रखंड के नेमरा से किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के बारघुद्ध में जनसंवाद के साथ किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महायुद्ध में कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान का तूफानी प्रभाव देखने को मिला। लोगों की भावनाओं और समर्थन को देखते हुए उनके प्रति विश्वास और आकर्षण ने प्रतिस्पर्धी दलों के लिए चिंता का विषय बना दिया है।बच्चों, युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्गों से लोगों ने उत्साह और सहयोग दिखाया। गर्मी के बावजूद जनता ने स्नेह और समर्थन जताते हुए प्रत्याशी के साथ खूबसूरत संवाद को साझा किया। प्रखंड गोला में कार्यकर्ताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने का आश्वासन दिया और लोकसभा में अपने प्रदर्शन के माध्यम से जनमानस की प्रतिध्वनि बनाए रखने का भरोसा दिया। उन्होंने अपने कामकाज कार्यक्रम में जनता के साथ साझेदारी पर जोर दिया और उनके विकास और कल्याण के लिए पूरी मेहनत और समर्थन की दावेदारी ली। इसके साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत और परिश्रम का संकल्प भी दिया। सांसद उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सम्मानित जनता जनार्दन द्वारा मिल रहा अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। लोगों से मिल रहा अपार जनसमर्थन आगामी चुनावों में इंडिया गठबंधन की प्रचंड विजय का शंखनाद है।

## छत से गिरा युवक, गई जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मड़मो निवासी लखन रवानी के 25 वर्षीय पुत्र रवि रवानी का बुधवार को निधन हो गया। बताया गया कि पिछले बुधवार की संध्या युवक रवि रवानी शराब के नशे में अपने घर के छत पर गया था लेकिन अत्यधिक नशे में होने की वजह से संभालने और समझने की परिस्थिति में नहीं होने के कारण वह अपने घर की छत से नीचे गिर गया। छत से गिरने पर मांथे एवम शरीर के अन्य भागों में काफी गहरी चोटें आई। जिसके उपरांत स्थित गंभीर होने की वजह से बेहतर इलाज हेतु रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया था। लेकिन बीते दिन बुधवार की सुबह नवयुवक का निधन हो गया।

## रेवार गाँव में आयोजित महा यज्ञ में मुन्ना सिंह ने बड़ी संख्या में जनसमर्थन जुटाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** सदर प्रखंड के रेवार गाँव में आयोजित श्री श्री 1008 शिव परिवार, हनुमत लल्ला, कृष्ण जी, विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महा यज्ञ में शहर के जानेमाने समाजसेवी तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने आकर आशीर्वाद ग्रहण किया, जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने फूल माला तथा भगवा वस्त्र पहनाकर समाजसेवी श्री मुन्ना सिंह का स्वागत किया। वहीं बुधवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश कर मंत्रोच्चारण के साथ आये हुए आचार्यो द्वारा इस महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। श्री सिंह ने कहा कि गांव वासियों के प्रयासों से बहुत ही सुंदर और भव्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें नित्य संध्या में पुण्य कथा वाचन का आयोजन भी किया गया है जिसके लिए वे आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं तथा धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि रेवार गाँव के प्रत्येक से उनका आत्मीय संबंध है तथा इस आयोजन से वे काफी उत्साहित हैं ।इस दौरान अरुण यादव, अजित यादव, जितेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, अनिल ठाकुर, शारदा देवी, महादेव गोप, रघु गोप, विनोद राणा, राजेन्द्र यादव, राजू सिंह, बालो गोप सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद रहें।

# सभी कोषांग निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं (रूम्न), मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की




उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्राँग रूम आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।

इस दौरान उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में डिस्पैच सेंटर व कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों में में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निरसा विधानसभा हेतु क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में निरसा के एआरओ एवं भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। वही पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने समेत मेडिकल टीम हेतु स्थान चिन्हित किया गया। साथ ही डॉन बॉस्को



रामकनाली में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी इसको लेकर उपायुक्त से व्यवस्था करने हेतु दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा इंद्रलाल ओहदार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एग्यारकुण्ड मधु कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# मधवाडीह में नल जल योजना बनी शोभा की वस्तु : मुखिया



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गर्मी की दस्तक देते ही बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकर मचने लगा है कुआं व चापानल की जल स्तर दिनों दिन नीचे  की और खिसकता जा रहा है अधिकांश कुआं अभी से ही सुखने के कंगार पर है। कई चापानल खराब पड़ा  हुआ है वहीं मधवाडीह पंचायत में इन दिनों नल-जल योजना सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर है। स्थानीय मुखिया सद्दीक अंसारी ने कई बार संवेदक से बात बात करने की कोशिस की पर कोई पहल नहीं हुई। नल-जल योजना फैल दिख रहा है। सिर्फ राशि का दुरूपयोग हो रहा है उन्होंने कहा नल जल पर योजना पर उच्च स्तरीय जांच की जाय तो बहुत जल्द खुलासा हो सकता है। कई पंचायत में ग्रामीणों ने इसका विरोध  भी किया था। वहीं मुखिया ने पानी की घोर समस्या को देखते हुए पंचायत में चापानल मरम्मत कार्य किया जा रहा है। ताकी पानी की समस्या से पंचायत वासियों को निजात मिल सके।

# गुमटी में लगी आग, हजारों की संपत्ति जल कर खाक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के खेसकरी गाँव मे यात्री शेड के बगल मे संचालित गुमटी मे रात लगभग 11 बजे आग लग गई जिसकी सुचना गाँव के लोगो ने दुकान के संचालक को दिया जिसके बाद कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया, आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई वही दुकान के संचालक दुलारचंद महतो ने बताया की पिछले साल भी मेरे दुकान मे आग लगी की घटना हो चुकी है हमे संदेह है की मेरे दुकान मे आग लगी नहीं लगाई गई है, आज हमने थाना मे आवेदन देकर जाँच की भी मांग की है, मेरे दुकान मे आग लग जाने से दुकान के अंदर रखा पैसा जो लगभग 50 हजार था और इसके अंदर रखा सारा सामान आग की गर्मी से ख़राब हो गया समय रहते अगर लोगो के सहयोग से आग ना बुझाते तो पूरा गुमटी भी आग के चपेट मे आ जाता, मेरे पुरे परिवार पर जीवन यापन का भी चिंता है इसी दुकान पर मेरा पूरा परिवार आश्रित है, हम प्रशासन से सहयोग की अपील करते है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खुला ईवीएम वेयरहाउस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार बुधवार को राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी



कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा इंडियन नेशनल कांग्रेस के मिथिलेश तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र त्रिवेदी, आजसू के रतीलाल महतो, आम आदमी पार्टी के राजेश कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के मुमताज कुरैशी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुकेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार मौजूद थे।

# ढुलू महतो को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर किया स्वागत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी



ढुलू महतो व निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के साथ निरसा विधानसभा अंतर्गत डुमरिया काली मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित ग्रामीणों ने अपने गांव का पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हे विजयी बनाने का संकल्प लिया। वहीं जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले ढुलू महतो को निरसा विधानसभा अंतर्गत लेदअरिया स्थित अपने आवास पर जिला परिषद सदस्या रेखा देवी एवं मुखिया अशोक महतो ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए अपना पूर्ण समर्थन दिया।

# गिरिडीह में जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान का हुआ आयोजन

पप्पू वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के झंडा मैदान में कोडरमा, गिरिडीह लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. जगह-जगह मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन हर दिन हो रहा है. इसी कड़ी में आज गिरिडीह के झंडा मैदान में जिला प्रशासन की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत रन फोर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम की शुरुआत गिरिडीह के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने हरी झंडी दिखाकर की. इसके पूर्व रन फोर डेमोक्रेसी कार्यक्रम में शामिल विभिन्न विभाग के कर्मियों और मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने



और मतदान के दिन बढ़-चढ़कर बूथों तक पहुंचकर मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई. यह रैली शहर के झंडा मैदान से निकलकर विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए वापस झंडा मैदान पहुंची.वोट देने की अपील की गई

इस दौरान पूरे रास्ते में विभिन्न विभाग के कर्मियों, पुलिस जवानों और स्कूली बच्चों के द्वारा गिरिडीह के लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बाढ़-चलकर भाग लेने और बेहतर नागरिक होने का धर्म निभाते हुए वोट देने की अपील की गई. इस दौरान पूरे रास्ते में विभिन्न नारे लगाए गए. इधर रैली के वापस झंडा मैदान पहुंचने के बाद कई छात्र ङ्ग छात्राओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया और अपने ङ्ग अपने तरीके से लोगों से मतदान करने की अपील की. कहा कि हम सभी देश के बेहतर नागरिक होने का परिचय देते हुए अपने मत का सही इस्तेमाल करें और किसी भी कीमत में किसी के कहने पर आज जाती, धर्म समेत विभिन्न प्रलोभन में फंस कर अपना वोट नहीं करें, बल्कि अपनी समझदारी से वोट करें. मौके पर उपनिर्वाचन पदाधिकार रंथू महतो, डीएसओ गुलाम समदानी, अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ, सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला, नगर निगम के उपनगर आयुक्त विशालदीप खलको, जिला जनसपंर्क पदाधिकारी अंजना भारती समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# 1 मई को अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर में होगा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** केंदुआ स्थित ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के कार्यालय मे एक अहम बैठक हुई जिसमे आगामी 1 मई को अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर में प्रतियोगिता परीक्षा का निर्णय लिया गया है। परीक्षा मे कोई भी प्रतिभागी निःशुल्क हिस्सा ले सकते है। टॉप 10 स्टूडेंट को 5 मई को सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति दिये जा रहे नंबर 8271866094/ 7979713349 पर संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाजी गुलाम ख्वाजा होंगे। बैठक मे आबिद रेजा फैजी, मो जमील, गुलाम अहमद रेजा, मुमताज आलम, शमशाद अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# नई दिल्ली, पुणे, मुंबई, रतलाम व साबरमती के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी संख्या 02250 दिल्ली-पटना आरक्षित सुपरफास्ट समर स्पेशल- गाड़ी संख्या 02250 दिल्ली-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दिल्ली से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 11.15 बजे पटना पहुंचेगी। इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 20 कोच होंगे ।

2. गाड़ी संख्या 02249 पटना-दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट समर स्पेशल- गाड़ी संख्या 02249 पटना-दिल्ली सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 28.04.2024 को पटना से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 04.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी । इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 20 कोच होंगे ।

3. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

4. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

5. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

6. गाड़ी संख्या 09138 भागलपुर-रतलाम स्पेशल॰ गाड़ी संख्या 09138 भागलपुर-रतलाम स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को भागलपुर से 15.45 बजे खुलकर 21.40 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 28.04.2024 को 23.00 बजे रतलाम पहुंचेगी ।

7. गाड़ी संख्या 09030 दानापुर-रतलाम स्पेशल॰ गाड़ी संख्या 09030 दानापुर-रतलाम स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दानापुर से 14.00 बजे खुलकर डीडीयू-प्रयागराज- कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 28.04.2024 को 16.00 बजे रतलाम पहुंचेगी ।

8. गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशल : गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को पटना से 11.30 बजे खुलकर डीडीयू-वाराणसी- लखनऊ-कानपुर-आगरा-जयपुर के रास्ते 28.04.2024 को 19.40 बजे साबरमती पहुंचेगी ।

9. गाड़ी संख्या 01011 एलटीटी-दानापुर स्पेशल॰ गाड़ी संख्या 01011 एलटीटी-दानापुर स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को एलटीटी, मुंबई से 10.30 बजे खुलकर 27.04.2024 को 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी ।

# धनबाद जिला कमिटी रहेगी बरकरार : मिठू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** स्थानीय रिटायर कॉलोनी जितपुर मे धनबाद जिला कबड्डी संघ का वार्षिक बैठक हुवा जिसमे संघ के द्वारा गांव के बच्चो को गांव मे जाकर निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा वही टुंडी मे अनाथालय विद्यालय के बच्चो को निशुल्क संघ द्वारा राष्ट्रीय कोच से प्रशिक्षण देने पर सहमति हुई उक्त बैठक मे जिला सचिव मिंटू ठाकुर ने कहा कि जिला कमेटी बरकरार रहेगी मौके पर आदित्य गोस्वामी, आदित्य कुमार, आदि मिश्रा, पियूष गुप्ता,,राहुल हेमब्रोम,सतेंद्र हेमब्रोम, सत्यम हेमब्रोम उपस्थित रहे वही बैठक मे निर्णय लिया गया कि पदाधिकारी यथावत बने रहेंगे ।

# विश्व मलेरिया दिवस : स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरुकता रैली



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया, एनसीसी छात्र मौजूद थे। इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ ही लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई।

# बूथ स्तरीय बैठक में शामिल हुए ढुल्लू महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** निरसा विधानसभा अंतर्गत कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के गोकुलानंद मठ दलदली आश्रम मे पूजा अर्चना कर धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने सभी का आशिर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। वही निरसा कालियासोल मे आयोजित मंडल बूथ स्तरीय बैठक सह स्वागत अभिनंदन समारोह मे ढुलू महतो को अंगवस्त्र ओढ़ा कर एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह, प्रशांत बनर्जी समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(आपदा प्रबंधन कोषांग)**

**जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा जनहित में जारी गर्म हवाएँ/लू :–साधारण सावधानियों से अपने आपको सुरक्षित रखें।**

- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- जितनी बार हो सके पानी पियें। सफर में अपने साथ पीने का पानी अवश्य रखें।
- जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढ़ीले–ढ़ाले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढ़कें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें।
- अधिक तापमान में कठिन कामना करें। जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें।
- अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी ,गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर पर व गर्दन पर कुछ समय के लिए रखें।
- हल्का भोजन करें। अधिक रस वाले फल जैसे तरबूज, प्याज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन ना करें, जैसें–माँस व मेवे, जो शरीर की ताप को बढाते है।
- घर में बना पेय जैसे लस्सी, नमक–चीनी का घोल, छाछ, सत्तू शरबत, नींबू–पानी, आम का अमझोरा इत्यादि का नियमित सेवन करें।
- बच्चों और पालतू जानवरों को धूप में पार्क किये हुए वाहनों मे अकेला न छोड़ें।
- जानवरों को छाँव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें।
- अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर आदि का प्रयोग करें। रात में खिड़कियाँ खुली रखें।
- स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में जानकारी रखें तथा सतर्क रहें।
- अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही उसके मार्गदर्शन का पालन करें।

**लू लगने पर क्या करें:–**

- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें। अगर तंग कपड़ा हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोंछे या ठंडे पानी से नहलायें।
- व्यक्तिको ओ0आर0एस0/नींबू–पानी/नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।
- यदि व्यक्ति पानी की उल्टियाँ करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने या पीने को ना दें।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जायें।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा

PR 324082 Lohardaga(24-25)#D

# लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने किया नामांकन

## लोहरदगा लोकसभा सीट पर इस बार सुपरहिट चुनावी मुकाबला होने जा रहा है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में लोहरदगा मे 13 मई को चुनाव होगा 25 अप्रैल को नामांकन की आखिरी तिथि को कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने लोहरदगा लोकसभा सीट से पर्चा भरा। नामांकन प्रपत्र भरने गये नेताओं ने अपनी अपनी ताकत दिखायी। संसदीय क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन हेतु प्रपत्र कुल 17 अभ्यर्थियों की सूची क्रमशः महेंद्र उरांव सीपीआई,मनी मुडां भागीदारी पार्टी, स्टेफन किडो स्वत्रत, बिहारी भगत पीपल्स पार्टी आफ इंडिया, सोनिया उरांव स्वत्रत, पवन तिग्गा स्वत्रत, मरियानूस तिग्गा भारत आदिवासी पार्टी, समीर उरांव बीजेपी, रामचंद्र भगत लोकहित अधिकार पाटी,चमरा लिंडा स्वतंत्र, गिरजानंद उरांव बसपा, ललित उरांव बहुजन समाज पार्टी, अर्जुन टोप्पो आजाद समाज पाटी, सुखदेव भगत कांग्रेस पार्टी, अर्पण देव भगत स्वतंत्र, रंजीत भगत स्वतंत्र, एतवा उरांव स्वतंत्र है उक्त सभी प्रत्याशियों का प्रपत्र की स्क्रुटनी की प्रकिया 26 अप्रैल की जाएगी। जिसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। विदीत हो कि लोहरदगा लोकसभा सीट रांची गुमला और लोहरदगा जिला मे फैला है जो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट मे पांच विधानसभा क्षेत्र आता है जिसमें लोहरदगा, गुमला, विशुनपुर, सिसई व मांडर है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र मे कुल 14,37,018 मतदाता है जिसमें से महिला मतदाता 7,29,616 व पुरुष मतदाता 7,07,402है। करीब 64 फ़ीसदी आदिवासी मतदाता है। विदीत हो कि कांग्रेस पार्टी के कार्तिक उराँव वर्ष 1967,1971 और 1980 मे तीन बार लोहरदगा के सांसद बने वही कांग्रेस के ही सुमति उरांव 1982 के उपचुनाव 1984 और 1989 मे जीत दर्ज की। वहीं भाजपा के प्रत्याशी सुदर्शन भगत 2009 2014 व 2019 मे लगातार तीन बार जीत दर्ज की। कहा जाता है कि लोहरदगा कभी कांग्रेस का गढ था लेकिन पिछले तीन दशक से भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस ने अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को प्राप्त करने के लिए एक बार फिर पूर्व विधायक सुखदेव भगत को इस बार चुनाव में उतारा है। सुखदेव भगत के द्वारा 25 अप्रैल को नामांकन प्रपत्र जमा किया गया। विदीत हो सुखदेव भगत पूर्व विधायक रह चुके है। उन्होन पहली बार कांग्रेस के टिकट पर 2019 के चुनाव में उतारा परन्तु कुछ हजार के वोट के अंतर से हार गये। बहरहाल 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत व भाजपा के समीर उरांव दोनों ही नेता जमीन से जुडे नेता जाने जाते हैं वही दुसरी ओर लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप मे विशुनपूर केविधायक चमरा लिंडा के चुनाव लड़ने के लिए 24 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गयी है। फलतः लोहरदगा लोकसभा सीट पर इस बार सुपरहिट चुनावी मुकाबला होन जा रहा है।

# वरीय पदाधिकारी ने ग्रामीणों को स्वीप शपथ के माध्यम से मतदान करने के लिए किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा दिनांक 25 / 04 / 2024 को संयुक्त रूप से लोहरदगा जिला स्वीप कोषांग टीम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा मैडम, जिला समन्वयक एवं जेएसएलपीएस पेशरार टीम के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पेशरार प्रखंड के चापरोंग एवं हेन्हे गाव में भ्रमण किया। टीम का स्वागत सखी मंडल की दीदियों के द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। टीम ने उपस्थित सभी ग्रामीण लोगों को स्वीप शपथ के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया द्व साथ ही साथ सेन्हा प्रखंड में प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा जेएसएलपीएस के द्वारा संयुक्त रूप से स्वीप सपथ पर सपथ लिया गया तथा स्वीप रैली भी निकाली गयी, मौके पर सेन्हा बीडीओ संग्राम कुजूर एवं सेन्हा जेएसएलपीएस की टीम सहित सखी मंडल की सैकड़ो दीदियाँ रैली में उपस्थित रहीं। इसी क्रम में कुडू एवं कैरो प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल / ग्राम संगठन / स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियो के द्वारा स्वीप पर शपथ लिया गया एवं ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही साथ कैरो प्रखंड में स्वीप रंगोली बनाकर सखी मंडल की दीदियों ने मतदान के प्रति जागरूक किया।

# बीडीओ ने राजनितिक दल प्रतिनिधियों से की बैठक, मतदान के निमित की आवश्यक चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 अप्रैल गुरुवार को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मति छन्दा भट्टाचार्य ने कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव के निमित राजनीतिक दल प्रतिनिधियों से बैठक कर की चुनाव से निमित आवश्यक चर्चा। बैठक मे प्रविपदा0 ने राजनीतिक दल प्रतिनिधियों से कहा कि आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव के निमित प्रखंड मे 02 कलस्टर बनाये गये हैं पहला गजनी और दुसरा हनहट ।इन्ही दो कलस्टर से मतदान कर्मी प्रखंड के सभी मतदान केंद्रो पर शांतिपुर्ण मतदान कराने के लिये रवाना होंगे। श्री मति भट्टाचार्य ने कहा कि मतदान की प्रतिशत मे बृद्धि को लेकर सभी मतदान केंद्रो मे वाहन व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं, वही दिव्यांग मतदाताओं के लिये व्हील चेयर की ब्यवस्था रखी गई हैं, उन्होने कहा कि बढ़ती गर्मी की तपिश से निजात पाने के लिये सभी मतदान केंद्रो मे पेयजल सहित कर्मियो को अन्य निर्देश भी दिये गये हैं,सभी मतदान केन्द्रों पर आज 27 अप्रैल से सभी बीएलओ डोर-टू-डोर मतदाता पर्ची का वितरण करेगें। बैठक मे बीडीओ ने विभिन्न राजनितिक दल के प्रतिनिधियों से लोकतंत्र के त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर अन्य चर्चाएं भी किया। आज के उक्त बैठक मे भाजपा के विशेश्वर प्रसाद दीन, झामुमो व इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधि समीरुद्दिन अंसारी, आजसू के संजय साहू, बीएलओ पंचम एतवा पहान इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

# राजकीय उच्च विद्यालय मसामानो व राजकीय मध्य विद्यालय अंबेरा में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** राजकीय उच्च विद्यालय मसामानो और राजकीय मध्य विद्यालय अंबेरा में गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमे राम कुमार महतो एमपीडब्ल्यू के द्वारा बताया गया की मलेरिया मादा एनोफिलिज मच्छर के कटने से होता है, यह मच्छर साफ जमे हुए पानी में पनपते है, छात्रों को बताया गया की मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करे,शाम को शरीर में पूरा कपड़ा पहने,घर के आसपास जलजमा होने से रोके,गमला में जमा पानी को हटाए,घर के कुलर के पानी को समय समय में बदले, और छत में लगे टंकी को ढंक कर रखे। तथा विद्यालय में छात्रों के बीच सामान्य प्रतियोगिता कराया गया इसमें बहुत सारे छात्रों ने भाग लिया, जिसमे राजकीय उच्च विद्यालय मसमानो से प्रथम पुरस्कार रोशनी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार शशि साहू, तृतीय पुरस्कार विक्की राम, चतुर्थ पुरस्कार पूजा कुमारी, पंचम पुरस्कार पंकज राम तथा राजकीय मध्य विद्यालय अंबेरा से प्रथम पुरस्कार निशा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार निक्की कुमारी, तृतीय पुरस्कार राजनंदी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रिया रानी सी एच ओ, राम कुमार महतो एमपीडब्ल्यू, ताजे उरांव एमपीडब्ल्यू, राजेश्वर तिर्की एमपीडब्ल्यू, ज्योति हुरहुरिया एएनएम आदि लोग उपस्थित हो कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर मसमानो विद्यालय के प्रधानाध्यापक नूतन कुमार, शिक्षक बिनोद उरांव, और अंबेरा विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, संध्या कुजूर (सी एच ओ) मौजूद थे।

# अविराम ने मलेरिया से बचाव को लेकर चलाया जागरूकता अभियान




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन टिको कुडू लोहरदगा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जागरूकता अभियान सुश्री कुंदन गिद्ध के द्वारा चलाया गया। जिसमें कालेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई व जल जमाव वाले जगह पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया, साथ ही मलेरिया बीमारी से बचाव के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। महाविद्यालय के सचिव श्री इंद्रजीत कुमार भारती ने कहा कि मलेरिया के मच्छरों का प्रकोप जल जमाव वाले जगह पर अधिक होता है इसलिए अपने आसपास जल जमाव न होने दे। मौके पर जंगबहादुर, पंकज भारती आफताब, रेणुका, ममता, रितु, शिव, शशि, चिनिवास एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# बच्चो के खेलने के लिए बने झूले से फंसकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव की है जहां मंगलवार की देर रात एक 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम रामपुर निवासी शामू ठाकुर का पुत्र रमेश ठाकुर जो मंगलवार की रात खाना-पीना खाने के बाद सोने चला गया था। इसके उपरांत उसे शौच लगी और वह शौच करने के लिए बाहर निकल ही रहा था तभी बच्चों के लिए बनाए गए साड़ी के झूले से फंसकर उसकी मौत हो गई। आनन फानन में रात को ही रमेश ठाकुर को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने रमेश ठाकुर को मृत घोषित कर दिया रमेश ठाकुर शादीशुदा तथा उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। इस मामले में सदर थाना ने केस दर्ज करते हुए शव का पोस्ट मार्टम कराया जिसके बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# स्वीप कार्यक्रम द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाला गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखण्ड प्रशासन और जेएसएलपीसी के संयुक्त तत्वधान में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वीडियो द्वारा शपथ दिला कर रैली निकाला गया। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री संग्राम मुर्मू ने कहा की लोकसभा आम चुनाव में सभी मतदाताओं को अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कहा की मतदान तिथि से पूर्व महिला मंडल के सभी दीदी लोग अपने अपने गांव में महिला समूह के साथ मिल कर नुक्कड़ नाटक या अन्य तरह से ग्रामीण मतदाताओं को आगामी 13 मई को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे जिसे प्रखण्ड क्षेत्र के सभी बूथों में शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हो सके और मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि हो। वही मतदाता जागरूकता रैली प्रखंड मुख्यालय से प्रारंभ हो कर मेन रोड होते हुए ठाकुरबाड़ी, साहू मुहल्ला, महतो मुहल्ला, आदिवासी मुहल्ला सहित पूरे से ग्राम का भ्रमण कर वापस प्रखंड कार्यालय पंहुचा। मौक पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, जेएसएलपीसी के जयंत कंडूलना, उज्वल शुक्ला, प्रदीप महली, सज्जाद अंसारी के अलावे समूह की दीदियाँ उपस्थित थे।

# सभी बीएलओ घर-घर जा कर मतदाता पर्ची वितरण करें : राकेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ के साथ बैठक सम्पन्न हुआ। आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और बीएलओ पर्यवेक्षक क्षेत्र भ्रमण कर उन मतदाता को चिन्हित करे जिनके पास लेमिनेटेड पहचान पत्र है। तथा वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में है परंतु मतदाता पहचान पत्र नही है साथ ही सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा की अपने अपने क्षेत्रों में घर घर जा कर मतदाता पर्ची का वितरण करे और साथ ही आगामी 13 मई को वोट देने के लिये सभी को प्रेरित करें। साथ ही सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुए सेक्टर में मतदान कर्मियों के लिये रहने की सुविधा का निरीक्षण करने की बात कही गई। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार, तारणी प्रसाद, लक्ष्मीनारायण अग्रहरि, अभय कुमार, रविन्द्र सिंह मुंडा, वीरेंद्र उराँव, अनोज कुमार, मुकेश उराँव, विनय उराँव, बसंत साहु के अलावे बीएलओ पर्यवेक्षक सुजीत उराँव, मुद्दसर हुसैन, नागमणी उराँव के अलावे सभी बीएलओ उपस्थित थे।

# ड्रॉप्ड आउट बच्चे को स्कूल बैग व ड्रेस देकर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को प्रयास कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत ककरगढ़ की मुखिया श्रीमती चेमनी टोप्पो एवं पीरामल संस्था के जिला कार्डिनेटर श्री एकराम ख़ान मध्य विद्यालय ककरगढ़ के एक ड्राप आउट बच्चे को घर जाकर स्वयं बच्चे को सजाकर स्कूल पोशाक पहनाकर बैग और कापी देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय परिसर तक लाए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, समाजसेवी श्री रोजामत अंसारी उपस्थित थे। तथा विद्यालय के बच्चे बैंड के साथ ड्राप आउट बच्चा इमरान अंसारी के साथ रहे। साथ ही निरक्षरों के बीच कापी, पेन्सिल, रबर और पेन का वितरण संयुक्त रुप से श्री मति चेमनी टोप्पो एवं पीरामल संस्था के श्री एकराम ख़ान के द्वारा किया गया।

# हल्दी रंगा हुआ चावल देकर 13 मई को मतदान करने के लिए दिया गया आमंत्रण



**ठेठईटांगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को प्रखंड के बिंझीयाबाँध बूथ नं 173 एवं घुटबहार देमचु टोली बूथ नं 161 में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिमडेगा के निर्देशानुसार जेएसएलपीएस ठेठईटांगर टीम के द्वारा ग्रामीणों में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया गया। मौके पर कहा कि गया कि 13 मई को गांव के सभी लोगों को बढ़चढ़ कर मतदान करना है साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करना है। साथ ही पोस्टर के माध्यम से मतदान देने का तरीका बताया गया तथा मतदान के लिए शपथ दिलाया गया। इसमें गांव के ग्रामीण, जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम संतोष कुमार वर्मा, FTC प्रमोद सिन्हा, सीता भगत, मारियाना गुड़िया छ्ष्ट कृष्ण कुमार भोय, रौशनी एक्का, BAP लालमुनी एवं द्धद्धष पंकज कुमार आदि शामिल थे।

# तेली छात्रावास का चापाकल साल भर से खराब पेयजल के लिए हो रही समस्या

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के ठाकुर टोली हरिजन टोली में अवस्थित तेली छात्रावास का चापाकल लगभग साल भर से खराब पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार चापाकल के खराब होने से वहां रहने वाले छात्रों को पेयजल एवं नहाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास में रहकर कई छात्र पढ़ाई लिखाई कर रहे हैं । छात्रों ने बताया कि हरिजन टोली आंगनबाड़ी केंद्र के समीप दूसरा चापाकल है उसी चापाकल के सहारे पूरा हरिजन टोली के लोग टिके हुए हैं। जबकि इस गर्मी के मौसम में उस चापाकल का जलस्तर भी घट गया है और पानी बहुत देर के बाद निकलता है। छात्रों ने इस समस्या का समाधान के लिए प्रशासन से छात्रावास का चापाकल को मरम्मत कराने की मांग किया है।

# अर्जुन मुंडा पहुंचे बरसलोया राम जानकी मंदिर, रामनवमी मेला सह अखंड यज्ञ महोत्सव में शामिल होकर लिए आशीर्वाद

## दो दिवसीय दौरे पर सिमडेगा पहुंचे, खूंटी से बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद और इस बार के भाजपा खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा कोलेबिरा पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोर शोर से किया स्वागत। कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्होंने चुनाव पर चर्चा किया वहीं थाना मोड़ से रोड शो करते हुए कई लोगों से मिलें, मार्केट कांप्लेक्स स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण की उसके बाद रण बहादुर सिंह की प्रतिमा पर भी मलार्पण किए फिर रण बहादुर सिंह चौक पर स्थित महावीर मंदिर पर जाकर पूजा अर्चना कर बाघचंडी मंदिर पहुंचे, जहां पंडित रवि बीसी के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। बाघचंडी मंदिर से आशीर्वाद प्राप्त कर अर्जुन मुंडा का काफिला प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया ग्राम पहुंचा। बरसलोया पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने ढोल-नगाड़े के साथ केंद्र मंत्री का भव्य स्वागत किया।बरसलोया मेन चौक होटल मोड़ से पूरे बस्ती में पैदल रोड शो करते हुए राम जानकी मंदिर पहुंचे।लोगों का अभिवादन स्वीकार कर सहयोग की अपील करते हुए चलाए जनसंपर्क अभियान। ग्राम बरसलोया में चार दिवसीय रामनवमी मेला सह अखंड यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया है जहां पंडित पुरोहित पवन शर्मा,लखेश्वर पांडा और सुधांशु शेखर आचार्य जी के द्वारा पूजा अर्चना किया गया।केंद्रीय मंत्री राम जानकी मंदिर में माथा टेक कर लिए आशीर्वाद। ग्रामीणों का उत्साह और हरि कीर्तन को देख वे अपने आप को नहीं रोक पाए एवम्ह रि कीर्तन में शामिल होकर कीर्तन भी किए। मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा की यहां पर आकर आज जो आनंद का अनुभव कर रहे हैं वो अविस्मरणीय है और अभी चुनावी दौरा भी चल रहा है ।हमारा गांव आत्मनिर्भर बनें, हमारा गांव शिक्षित हो,गांव वासियों को रोजगार मिलें, हमारे खेतिहर किसान उन्नत हो , हमारा लक्ष्य है देश का कोई भी गरीब किसान भूखे ना रहे, हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सभी गरीब किसानों को मुफ्त में राशन मिल रहा है और मिलता ही रहेगा । आयुष्मान योजना के तहत सभी को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।मोदी जी की गारंटी है बिल्कुल जो भी गरीब हैं उन तक राशन पहुंचे इसकी गारंटी है,घर-घर बिजली पहुंचे इसकी गारंटी है , हर गांव में अच्छी सड़क बने इसकी गारंटी है। रोजगार मिले इसकी गारंटी है, हर घर जल पहुंचे इसकी गारंटी है, साथ ही 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर हम लोग काम कर रहे हैं पिछले दिनों एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है और आगे भी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी जी की गारंटी की भी गारंटी है। इस मौके पर सिमडेगा के प्रभारी शैलेंद्र सिंह,कोलेबिरा सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार,भोला प्रसाद, पूर्व प्रत्याशी महेंद्र भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार, भाजपा मंडल महामंत्री सह लचरागढ़ प्रभारी रोहित साहू, विधानसभा संयोजक सुषमा देवी, सक्रिय महिला कार्यकर्ता लीला बड़ाइक, विनिता कुमारी, जिला कार्य समिति सदस्य सह ऐडेगा प्रभारी संजय मिश्रा, लचरागढ़ सह संयोजक मोतीलाल पांडा, बरसलोया पंचायत प्रभारी संदीप साहू उर्फ़ गुड्डु, अवधेश साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक साहू, नीलांबर सिंह, राधे नायक, प्रकाश सिंह, रण बहादुर सिंह, कलिंदर सिंह, रामविलास सिंह मुकेश कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार काली, बुथ प्रभारी अवधेश साहू, जगन्नाथ ओहदार, सुनित कुमार पती, दीलीप पंडा, सुरज पंडा, शंभु साहू, पुरन साहू, अमित साहू, ओमप्रकाश साहू, बिट्टू साहू, अनुप साहू, दासरती सोनी, राधेश्याम सोनी, प्रमोद सोनी, सुरज पंडा, रुपेन्द्र साहू ,नितेश दास, युधिष्ठिर सिंह, श्याम शेखर सोनी, कपिल साहू, सखिंदर ओहदार, अमित सिंह, सुनिल सिंह, अंकुर साहू, आशुतोष पंडा, सत्यवान सोनी, राजा साहू, मनोज सोनी, ललिता देवी, सिरनुस डुंगडुंग,प्रिंस साहू, आदर्श साहू, विवेक साहू, खुमेश्वर सिंह, अनुराग पति, महावीर सोनी, श्रवण कुमार सोनी, राजु साहू, मनोज होता, मनोज सोनार के साथ सैकड़ों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

# ओडिशा की राजनीति में लुंगी बनाम धोती पर बहस

**ओडिशा की सियासत में लुंगी बनाम धोती की बहस उस समय शुरू हो गई जब केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वीडियो में संदेश में लुंगी पहने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा। भाजपा के नेताओं ने दावा किया कि राज्य की संस्कृति धोती है, न कि लुंगी। वहीं बीजद के नेताओं ने लुंगी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैसे इसके प्रचार से संबलपुर के बुनकरों को फायदा होगा।**



**एजेंसी**

**भुवनेश्वर :** ओडिशा की सियासत में लुंगी बनाम धोती की बहस उस समय शुरू हो गई जब केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वीडियो में संदेश में लुंगी पहने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा।

भाजपा के नेताओं ने दावा किया कि राज्य की संस्कृति धोती है, न कि लुंगी। वहीं बीजद के नेताओं ने लुंगी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैसे इसके प्ररचार से संबलपुर के बुनकरों को फायदा होगा।

पटनायक लोगों से लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों के लिए अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न पर मतदान करने की अपील करते हुए एक वीडियो संदेश में लाल लुंगी और सफेद टी शर्ट पहने दिखाई दिए। बीजद ने सोमवार की रात यह वीडियो जारी किया। लेकिन प्रधान ने मंगलवार को झारसुगुडा जिले के लाइकेरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पटनायक के कपड़ों का मजाक उड़ाया। प्रधान ने कहा, आप सभी ने हमारे बुजुर्ग नवीन बाबू को लुंगी पहने देखा होगा। हाथ में शंख था। एक गुमास्त (क्लर्क) है जो इन चीजों को करवाता है। उन्होंने कहा, उन्हें नवीन बाबू जैसे बुजुर्ग व्यक्ति के लिए पायजामा और कुर्ता लाना चाहिए था। मैं नवीन बाबू का सम्मान करता हूं। लेकिन क्या उन्हें ऐसा करना चाहिए था? प्रधान संबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। उनका भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बीजद ने तीखी प्रतिक्रिया दी। लुंगी पहने बीजद के दो प्रवक्ताओं सस्मित पात्रा और स्वयं प्रकाश महापात्रा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

जिसमें उन्होंने लुंगी के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे इसके प्रचार से संबलपुर के बुनकरों को मदद मिलेगी। अगले दिन बुधवार को प्रधान ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान धोती और कुर्ता पहनकर संबलपुर लोकसभा सीट के अथामल्लिक इलाके का दौरा किया।

## शरद पवार ने जारी किया घोषणा पत्र

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। घोषणापत्र में महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। साथ में घोषणापत्र में एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है। बता दें, पार्टी ने अपने घोषणापत्र का नाम शपथ पत्र रखा है। इस बीच, शरद पवार ने अमित शाह के किसानों की आत्महत्या को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया।घोषणापत्र को जारी करते हुए एनसीपी-एससीपी नेता जयंत पाटिल ने कहा,हम आज अपना घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। घोषणापत्र में जो मुद्दे शामिल हैं, हमारे नेता इन मुद्दों को संसद में उठाएंगे। हमारा घोषणापत्र %शपथ पत्र% है। महंगाई बढ़ रही है, किसान परेशान हैं और बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 10 सालों में एजेंसियों का दुरुपयोग और निजीकरण जैसे मुद्दे बढ़े हैं। इन सभी मुद्दों पर हम अपना रुख पहले ही जाहिर कर चुके हैं। हम एलपीजी गैस की कीमत, पेट्रोल और डीजल की कीमत कम करेंगे। अगर हम सत्ता में आए तो सरकारी नौकरियों में खाली जगहों को भरेंगे। हम महिला आरक्षण पर भी काम करेंगे। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून लाया जाएगा। दरअसल, अमित शाह के कहा था कि शरद पवार के कृषि मंत्री रहते हुए कई किसानों ने खुद की जान दे दी थी, जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। इस पर शरद पवार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में किसानों की आत्महत्याएं बढ़ी हैं। अमित शाह को पहले बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले कुछ सालों में आत्महत्या रोकने के लिए क्या किया है।

# साल 1984 के इंदिरा लहर में तिलकधारी सिंह बने थे कोडरमा से सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** साल 1984 में हुआ लोकसभा चुनाव कांग्रेस की रिकॉर्ड तोड़ जीत के लिए याद किया जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से पैदा हुई हमदर्दी और तुरन्त हुए चुनाव के बाद राजीव गांधी फिर प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कोडरमा से कांग्रेस के टिकट पर तिलकधारी सिंह पहली बार सांसद चुने गए। साल 1984 में कोडरमा से कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिनमें मुख्य मुकाबला कांग्रेस के तिलकधारी सिंह और भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा के बीच हुआ था। तिलकधारी सिंह को 208731 वोट मिले थे जो कुल मतदान का 58.8 प्रतिशत था जबकि लगातार दो बार सांसद रहे रीतलाल प्रसाद वर्मा को 97348 वोट ही मिले थे जो मतदान का 27.45 प्रतिशत था। इनके अलावा निर्दलीय एनामुल हक को 10453, जनता पार्टी से विश्वनाथ मोदी को 10057, निर्दलीय नंदलाल गोप को 7392, निर्दलीय रामकिशोर मेहता को 5639, झामुमो के प्रदीप कुमार सरकार को 4470, निर्दलीय दिनेश सिंह को 3155, निर्दलीय अबुइनाम अख्तर को 1974, निर्दलीय इंद्र कुमार अग्रवाल को 1951, निर्दलीय सुधा रानी सिन्हा को 1903, आईसीजे से युगल किशोर प्रसाद को 1043 और निर्दलीय बुरहान साहू को 570 वोट मिले थे। तब कुल मतदाताओं की संख्या 766871 थी, जिसमें 366462 मत पड़े थे जो कुल मतदान का प्रतिशत 47.79 था।



### शिक्षक की नौकरी छोड़ राजनीति में आए तिलकधारी

गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के चतरो गांव में 08 जनवरी, 1938 में जन्मे तिलकधारी सिंह के पिता पंचानन सिंह पंचायत के मुखिया थे और मां नुपूर देवी कुशल गृहिणी थी। रांची विश्वविद्यालय से बीएससी करने के बाद 1962 में चकाई हाई स्कूल में वे विज्ञान के शिक्षक रहे लेकिन 1968 में शिक्षक की नौकरी छोड़कर पहली बार मुखिया का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। बाद में वे गिरिडीह जिला परिषद के अध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1971 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने के बाद 1977 में तिलकधारी प्रसाद सिंह गिरिडीह जिला कांग्रेस अध्यक्ष बने। इसके बाद 1980 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर धनवार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और जीतकर विधानसभा पहुंचे। वर्ष 1984 में कांग्रेस ने उन्हें कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाया और भारी मतों के अंतर से जीतकर वे संसद पहुंचे। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट पर अकेले तिलकधारी प्रसाद सिंह ने साथ बार चुनाव लड़ा लेकिन सफलता सिर्फ दो बार मिली। वर्ष 1984 में कांग्रेस पार्टी की लहर में जीत हासिल हुई। दूसरी बार 1999 के चुनाव में फिर जीते लेकिन इसके बाद कभी वापसी नहीं कर सके। इन दिनों वे बीमार हैं और अपने आवास पर ही रहते हैं।

**कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने मखमंद्रो में बैठक को किया संबोधित, कहा**

## अवसर मिला तो संसद में जनता की आवाज बुलंद करुंगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने गुरुवार को रातु प्रखंड का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान सुश्री सहाय मखमंद्रो स्थित मुखिया लक्ष्मी नारायण भगत के आवास पर आयोजित बैठक में शामिल हुईं। बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि जनता ने अवसर दिया तो संसद में उनकी आवाज बनकर जन समस्याओं के समाधान के प्रति सदैव तत्पर रहूंगी। युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित सभी वर्गों के उत्थान और समुचित सम्मान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर मुखिया लक्ष्मी नारायण भगत, संजय झा, शेख शकील अहमद, तस्लीम अंसारी, दिलीप महतो, चंपा कुमारी, बबलू हजाम, नीलू मिंज,शीला कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

# अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लडने की जोरदार चर्चा

**एजेंसी**

**लखनऊ :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी सीट से राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, 26 अप्रैल के बाद दोनों के चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इसके बाद अगले हफ्ते नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए मतदान होना है। इस चरण में केरल के वायनाड में मतदान होगा, इस सीट से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। याद रहे है कि स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराया था। ईरानी को भारतीय जनता पार्टी ने फिर से इस सीट से मैदान में उतारा है। सूत्रों के अनुसार,वायनायड में मतदान के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी जा सकते हैं। राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है।इससे पहले बुधवार को अमेठी के गौरीगंज इलाके में कांग्रेस कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के पोस्टर लगे थे। इससे वाड्रा को टिकट मिलने की अटकलें तेज हो गई थीं।हालांकि, कांग्रेस हर सीट पर लड़ाई लड़ना चाहती है और इसीलिए उसने गांधी भाई-बहन को मैदान में उतारने का फैसला किया है। अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। हालांकि, राहुल गांधी के लिए अपने पुराने गढ़ में जीत आसान नहीं होगी क्योंकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रचार कर रही हैं। 8 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री ने अमेठी के प्रति राहुल गांधी की निष्ठा पर सवाल उठाया था।



बता दें कि रायबरेली 1960 से कांग्रेस का गढ़ रहा है, जहां फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी दोनों ने प्रतिनिधित्व किया है। सोनिया गांधी 2006 के उपचुनाव में जीत के बाद से इस निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। सोनिया के उच्च सदन में जाने के बाद, कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की संभावना है, जो पार्टी में महासचिव हैं।

## सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कन्नौज से किया नामांकन



**एजेंसी**

**कन्नौज :** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को कन्नौज से लोकसभा उम्मीदवारी का अपना पर्चा दाखिल किया। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने तिर्वा रोड स्थित सपा कार्यालय से अपने समर्थकों और ढोल नगारों के साथ जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन में रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव मौजूद दिखे। तेज प्रताप यादव मौजूद नहीं थे। नामांकन से पूर्व अखिलेश यादव ने 24 साल पुरानी नामांकन की अपनी तस्वीर जारी की और लिखा कि फिर नया इतिहास दोहराया जाएगा। नया भविष्य बनाया जाएगा। इस पोस्ट पर चाचा शिवपाल यादव ने लिखा सर्वदा विजय भव¬। इससे पहले कन्नौज लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी ने तेज प्रताप यादव को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन स्थानीय नेताओं में उत्साह की कमी और असंतोष के कारण पर्चा दाखिल करने के आखिरी दिन निर्णय बदलना पड़ा और खुद अखिलेश ने अपने नाम से पर्चा दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने कन्नौज से सुब्रत पाठक को अपना उम्मीदवार बनाया है। सुब्रत पाठक मौजूदा समय कन्नौज के सांसद हैं।

# पीएम ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की : जयराम रमेश

**एजेंसी**


**नई दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी विरासत कर के मुद्दे पर लगातार सफाई दे रही है। आज पार्टी महासचिव ने एक बार फिर पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं है।कांग्रेस की ओर से आज एक बार फिर प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन किया गया। पत्रकार वार्ता में महासचिव जयराम रमेश ने इसका खंडन किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सत्ता में आने पर पीढ़ि दर पीढ़ि संपत्ति हस्तांतरण पर कर लगायेगी। कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में हमारे घोषणापत्र का दुष्प्रचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणापत्र को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने ऐसे मुद्दे उठाए जो कांग्रेस के घोषणापत्र में नहीं हैं।जयराम रमेश ने कहा कि 'विरासत कर' कांग्रेस का एजेंडा नहीं है। असल में 1985 में राजीव गांधी की सरकार ने विरासत कर को हटाया था । वहीं भाजपा नेताओं जैसे की अरुण जेटली ने साल 2014-19 के बीच में इसकी वकालत की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि वे बतायें कि कांग्रेस के न्याय पत्र में संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही गई है। एक अन्य विषय पर जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री का बचाव कर रहा है। प्रधानमंत्री की भाषा पर उनके खिलाफ शिकायत किया जाना स्वाभाविक था। लेकिन आयोग ने इस बार भी प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत पर उनके बजाय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस भेजा। इससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग उनका बचाव कर रही है। जयराम रमेश ने कहा कि संवैधानिक आरक्षण में मनमाने ढंग से संशोधन नहीं किया जा सकता। आरक्षण में संशोधन केवल सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षणों की रिपोर्ट के आधार पर ही किया जा सकता है। उसी तरह से न्याय यात्रा के दौरान लोगों के राय मशविरा के बाद आम लोगों की सहमति से पांच न्याय पर आधारित घोषणा पत्र तैयार किया गया है और इसे लागू किया जाएगा।

**कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में हमारे घोषणापत्र का दुष्प्रचार किया जा रहा है।**



# तीन करोड़ दीदी को लखपति बनाया जाएगा : पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने तय किया है कि 27 प्रतिशत जो ओबीसी का आरक्षण है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने रातों रात मुस्लिम को ओबीसी बनाकर हक पर डाका डाला है।**



**एजेंसी**

**आगरा :** पीएम मोदी ने आगरा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ पक्के घर बनाए हैं। इनमें से तीन करोड़ घर माताओं और बहनों को मिले हैं। माताओं और बहनों के जनधन खाते खुलवाए, जिससे योजना का सीधा पैसा उनके खाते में जाए। अब मोदी का वादा है कि तीन करोड़ दीदी को लखपति बनाया जाएगा। मुझे मेरे देश के युवाओं पर नाज है। आज देश में नए-नए अवसर मिल रहे हैं। युवाओं की हर आकांक्षाओं का ध्यान हमरी सरकार रख रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने तय किया है कि 27 प्रतिशत जो ओबीसी का आरक्षण है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने रातों रात मुस्लिम को ओबीसी बनाकर हक पर डाका डाला है। न्यायालय ने उनकी बात को ठुकरा दिया है। इसलिए कांग्रेस पिछले दरवाजे से काम करने का प्रयास कर रही है। ओबीसी के 27 प्रतिशत के कोटे से छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस यही करना चाहती है। यह डाका है कि नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति ने देश को बांट कर रख दिया है। इसलिए आज मोदी तुष्टीकरण को समाप्त करके संतुष्टीकरण की ओर आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने जो मेनिफेस्टो जारी किया है, उस पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा हुआ है। पीएम मोदी ने राधे-राधे से भाषण की शुरूआत की। वे बोले आपके पास विशेष रूप से आया हूं। पहले कुछ देने आता था, लेकिन इस बार विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। यदि भारत विकसित होता है तो आपके परिवार, आपका और आपके बच्चों का भला होगा। इसलिए देश एकजुट होकर आ रहा है।